जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, रविवार 30 मार्च, 2025

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा
एवं
भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव
**राज्य स्तरीय सांस्कृतिक संध्या**

मुख्य अतिथि
**श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे**
माननीय राज्यपाल

गरिमामयी उपस्थिति
**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**सुश्री दिया कुमारी**
माननीया उप मुख्यमंत्री

**डॉ. प्रेम चंद बैरवा**
माननीय उप मुख्यमंत्री

30 मार्च, 2025 | सायं 6:30 बजे | अल्बर्ट हॉल, जयपुर

पर्यटन विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

## विचार बिन्दु

**जो सच्चाई पर निर्भर है वह किसी से घृणा नहीं करता। –नेपोलियन**

# आयुर्वेद की ग्रीष्म ऋतुचर्या

ऋतुचर्या प्राकृतिक कारणों से उत्पन्न जोखिम को कम करने की रणनीति है। ग्रीष्म ऋतु आने वाली है, अतः स्वास्थ्य रक्षण के लिये हर ऋतु की तरह ग्रीष्म ऋतु में भी जीवन-शैली में कुछ बदलाव लाने आवश्यक होंगे। आइये सबसे पहले यह देखते हैं कि यह बदलाव क्यों आवश्यक है और आयुर्वेद में ऋतुचर्या किन सिद्धांतों को ध्यान में रखकर तय की गयी है। लगभग 5000 साल पहले तय की गयी ऋतुचर्या क्या आज भी उपयोगी है? संक्षेप में देखें तो पहली बात यह है आयुर्वेद का लोक-पुरुष-साम्य सिद्धांत यह स्पष्ट करता है कि पुरुषलोक के समान है (च.शा.5.3:पुरुषोऽयं लोकसम्मितः) इस सिद्धांत के प्रकाश में देखने पर लोक या पृथ्वी के वातावरण का सीधा-सीधा प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पर पड़ता है क्योंकि लोक और पुरुष में समानता (च.शा.5.3:लोकपुरुषयोः सामान्यम्) होने से सामान्य-विशेष का सिद्धांत कार्य करता है। अर्थात सामान भावों को सामान भावों से मिलाने पर उस भाव की वृद्धि और असमान भावों को मिलाने पर ह्रास होता है। सत्य बुद्धि तभी प्रकट होती है या अकल तभी आती है जब स्वयं के अंदर प्रकृति को व प्रकृति के अंदर स्वयं को देखा जाये (च.शा.5.7): सर्वलोकमात्मन्यात्मानं च सर्वलोके सममनुपश्यतः सत्या बुद्धिः समुत्पद्यते। यहाँ पर लोक से तात्पर्य पूरी दुनिया के वातावरण से है जिसमेंछः धातुयें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तथा आत्मा शामिल हैं (च.शा.5.7):षड्धातुसमुदायो हि सामान्यतः सर्वलोकः। इस सूची में आत्मा का शामिल होना आश्चर्यजनक नहीं मानना चाहिये क्योंकि पौधे, प्राणी और सम्पूर्ण जीवन भी लोक में शामिल है।

इन आयुर्वेदिक सिद्धांतों को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाये तो पर्यावरण और पारिस्थिक तंत्र के साथ मानव के रिश्तों की अनवरत सार-संभाल या अनुकूलन ही ऋतुचर्या है। इसे साधारण शब्दों में यों समझें कि यदि हवा, पानी, तापक्रम, मिट्टी, पेड़-पौधों में ऋतु के अनुसार परिवर्तन होते हैं तो हमें भी उसके अनुसार जीवन-शैली और खान-पान और पहनावे में परिवर्तन करना पड़ता है। यह परिवर्तन या अनुकूलन ही धातुसाम्य रखता है। यही अनागत रोगों का प्रतिकार या विकार-अनुत्पत्ति में सहायक है।

आज की चर्चा मई-मध्य से जुलाई-मध्य के ग्रीष्म काल पर है, जिसके मुख्य शास्त्रीय स्त्रोत चरकसंहिता (च.सू.6.27-32), सुश्रुतसंहिता (सु.उ.64.40-45) एवं अष्टांगहृदय (अ.हृ.सू.3.26-41)हैं। प्रकाशित समकालीन वैज्ञानिक शोध औरआयुर्वेदाचार्यों का अनुभवजन्य ज्ञान भी यहाँ समाहित है (च.सू.6.27-32): मयूखैर्जगतः स्नेहं ग्रीष्मे पेपीयते रविः। स्वादु शीतं द्रवं स्निग्धमन्नपानं तदा हितम्।। शीतं सशर्करं मन्थं जाङ्गलान्मृगपक्षिणः। घृतं पयः सशाल्यन्नं भजन् ग्रीष्मे न सीदति।। मद्यमल्पं न वा पेयमथवा सुबहूदकम्। लवणाम्लकटूष्णानि व्यायामं च विवर्जयेत् ।। दिवा शीतगृहे निद्रां निशि चन्द्रांशुशीतले। भजेच्चन्दनदिग्धाङ्गः प्रवाते हर्म्यमस्तके।। व्यजनैः पाणिसंस्पर्शैश्चन्दनोदकशीतलैः। सेव्यमानो भजेदास्यां मुक्तामणिविभूषितः।। काननानि च शीतानि जलानि कुसुमानि च। ग्रीष्मकाले निषेवेत मैथुनाद्विरतो नरः।।

ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की किरणें अत्यन्त तीक्ष्ण होने से वातावरण के तापमान को बढ़ा देती हैं, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण और द्रव्यों से जल का अंश धीरे-धीरे कम होने लगता है। यही कारण है कि इस ऋतु में कफ का क्षय तथा वात की वृद्धि होती जाती है। बल में कमी तथा अग्नि सामान्य रहती है। यहाँ यह बताना उपयोगी होगा कि विश्व के 245 शहरों के आँकडे बताते हैं कि हीटवेव या लू के कारण प्रतिवर्ष 12000 से अधिक लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। अर्बन हीट आइलैंड इफ़ेक्ट के कारण प्रायः आसपास के क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में तापमान 3.5 से 12 डिग्री सेंटीग्रेड तक अधिक होने लगता है। इसके कारण लगभग 3 मिलियन लोगों की मृत्यु प्रतिवर्ष होती है। भारत में मई 1998 की ऐतिहासिक हीट वेव जिसमें देश ने दो सप्ताह तक गंभीर गर्मी की लहर का अनुभव किया, वह तत्समय में पिछले 50 वर्षों में सबसे खतरनाक थी। जलवायु परिवर्तन की दशा में भारत सहित पूरी दुनिया में हीट वेव की आवृत्ति, तीव्रता और अवधि में बढ़ोत्तरी, और परिणामस्वरूप मृत्यु बढ़ने की आशंका है। भारत में वर्ष 2009-2010 का सूखा और गर्मी की लहर रूस की रिकार्ड-तोड़गर्मी के टक्कर की थी। भारत के 640 जिलों में से हीट वेव के सन्दर्भ में 10 बहुत अधिक और 97 बहुत जोखिम वाले जिलों की श्रेणी में आते हैं। सामान्य जोखिम तो देश भर में है। शोध से ज्ञात होता है कि किसी दिन तापमान में 10 डिग्री फैरेनहीट की बढ़त उसी दिन हृदय रोगों, स्ट्रोक, श्वसन रोग, निमोनिया, निर्जलीकरण, गर्मी से स्ट्रोक, मधुमेह और गुर्दे की विफलता सहित कई बीमारियों के लिये अस्पताल में भर्ती होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी की बढ़त से वर्ष 2100 तक वैश्विक जी.डी.पी. के 20 प्रतिशत तक हानि की आशंका है।

**खाद्य पदार्थों में ग्रीष्म ऋतु में मधुर रस प्रधान, स्वादिष्ट, शीतल और स्निग्ध अन्नपान हितकारी होता है। उदाहरण के लिये, शालि-चावल के भात में घी या दूध में मिलाकर खाना बहुत स्वादिष्ट लगता है। यह ध्यान देना आवश्यक है कि किसी भी ऋतु में प्रत्येक भोजन में सभी छः रसों का होना आवश्यक है। ग्रीष्म ऋतु में शीतल, स्निग्ध और मधुर रस प्रधान स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों को प्रधानता देते हुये अन्य रसों को भी थोड़ी मात्रा में ग्रहण करना चाहिये।**

ग्रीष्म ऋतु में कठोर शारीरिक श्रम, व्यायाम व सहवास आदि की अति से बचना चाहिये। धूप में अधिक देर तक समय नहीं गुजारना चाहिये। लवण, कटु एवं अम्ल रसों की प्रधानता वाले द्रव्य, शुष्कताकारक व उष्णपदार्थों का उपयोग छोड़ देना श्रेयस्कर है। अल्कोहल का प्रयोग भी नहीं करना चाहिये, यदि करें तो बहुत कम मात्रा में, और उसमें भी बहुत पानी मिलाकर ही उपयोग करें। अन्यथा शोथ, शिथिलता, दुर्बलता, दाह व मोह जैसी समस्यायें उत्पन्न होती हैं।

पेय पदार्थों में रायता एवं खाण्ड (खट्टे, मीठे, नमकीन द्रव्यों का घोल) इक्षुशर्करा या खाण्ड मिला हुआ सुंगधित एवं शीतल पानक या पन्ना लाभकारी है। मंथ अर्थात घी-युक्त सत्तू का शीतल जल में बनाया गया हल्का गाढ़ा घोल जिसमें इक्षुशर्करा, खाण्ड या शहद भी मिलाई जा सकती है, लिया जा सकता है। ठंडा होने के लिये केला या महुआ के पत्तों से ढके हुये मिट्टी के नये बर्तन में अम्ल-रसयुक्त पन्ना या शर्बत भी कुछ समय रखकर पिया जा सकता है। मधु, द्राक्षा (दाख या मुनक्का), फालसा, आमलकी (आँवला) खण्ड (खांड़) को शीतल जल में मथ कर पंचसार बनाया जाता है। इसे मिट्टी के सकोरे में पीने का आनंद लीजिये। स्वाद हालाँकि व्यक्तिगत मामला है, पर पंचसार में यदि एक चुटकी सैन्धव लवण डाल दें तो इससे स्वादिष्ट, तृप्तिकर, पौष्टिक और शीतल पेय दुनियाभर में उपलब्ध नहीं है। यह उच्चकोटि का एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण ऑक्सीडेटिव-स्ट्रेस को कम करने वाला स्वादिष्ट रसायन भी है। पाढ़ल के पुष्पों से सुगंधित, पुदीना या कर्पूरयुक्त शीतल जल पिया जा सकता है। रात में भैंस के दूध में खाण्ड मिलाकर ठंडा कर पिया जा सकता है। बाजारू कृत्रिम शीतल पेय से छुटकारा पाना ही श्रेयस्कर है।

खाद्य पदार्थों में ग्रीष्म ऋतु में मधुर रस प्रधान, स्वादिष्ट, शीतल और स्निग्ध अन्नपान हितकारी होता है। उदाहरण के लिये, शालि-चावल के भात में घी या दूध में मिलाकर खाना बहुत स्वादिष्ट लगता है। यह ध्यान देना आवश्यक है कि किसी भी ऋतु में प्रत्येक भोजन में सभी छः रसों का होना आवश्यक है। ग्रीष्म ऋतु में शीतल, स्निग्ध और मधुर रस प्रधान स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों को प्रधानता देते हुये अन्य रसों को भी थोड़ी मात्रा में ग्रहण करना चाहिये।

ग्रीष्म ऋतु में शरीर में चन्दन का लेप करना, सूक्ष्म व लघु वस्त्र पहनना व माला धारण करना लाभकारी रहता है। शीतल घरों में निवास, विशेषकर ऐसे कक्ष जिनमें जलधारा प्रवाहित हो रही हो, ऐसी शिल्प कलाकृतियों से सज्जित कक्ष जिनमें से मंद जलधारा प्रवाहित हो रही हो, में विश्राम करने का ग्रीष्मकालीन आनन्द अवर्णनीय है। रात्रि में सोने हेतु चन्द्रमा की शीतल किरणों से ठंडी हुई घर की छत पर सोने का आनन्द भी लिया जा सकता है। हालाँकि शहरों में औद्योगिक व यातायातीय वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या है। प्रदूषित वायु में निलंबित श्वसनीय विविक्त कणों की मात्रा भारत की परिवेशी वायु गुणवत्ता को हानिकारक स्तर पर ले जा रही है। अतः खुले स्थान पर वहीं सोयें जहाँ प्रदूषण मानक स्तरों के अंदर हो। ऐसी आशंका है कि वायु प्रदूषण वर्ष 2050 तक लगभग 6.6 मिलियन समय पूर्व मृत्यु के लिये उत्तरदायी होगा। प्रदूषित वायु में पीएम-2.5 कणों के कारण विश्वभर में 33 लाख लोगों की मृत्यु होती है, इनमें से अधिकाँश एशिया महाद्वीप में हैं। भारत में विश्व की 24 प्रतिशत वार्षिक बाल मृत्य दर मुख्य रूप से श्वसन तंत्र में संकमण के कारण होती है। वर्ष 2010 में घरों के अन्दर वायु प्रदूषण के कारण 3.9 मिलियन लोगों की मृत्यु होने का आकलन किया गया है।वर्ष 2015 में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण शोध में यह पाया गया है कि लगभग 66करोड़ भारतीय, जो भारत की आधी जनसंख्या है, उन क्षेत्रों में निवास करती है जहाँ निलंबित विविक्त कणों के कारण प्रदूषण का स्तर राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों से अधिक है। वायु प्रदूषण के कारण कार्डियोपल्मोनरी रोग, फेफड़ों के कैंसर आदि अनेक रोग होते हैं। अतः हमें अपनी दिनचर्या को इस प्रकार ढालना चाहिये कि प्रदूषणकारी तत्वों के संपर्क में कम से कम आयें।

ग्रीष्म ऋतु में हालाँकि कठोर शारीरिक श्रम व व्यायाम वर्जित हैं, परंतु तालाबों, नदियों और वापी या बावड़ियों के समीप रह कर शीतलता का लाभ लिया जा सकता है। दोपहर की तेज धूप में सघन वितान वाले विशालकाय शाल, तमाल, ताल आदि प्रजातियों के वृक्षों की छाया में, जहां सूर्य की किरणें न पहुंच पायें, रहा जा सकता है। प्रातः उपवन में घूमते हुये फूलों एवं जलाशयों का आनन्द लिया जा सकता है। मनोहारी उपवन में पक्षियों के कलरव के मध्य मीठी व तोतली बोली बोलने वाले बाल-बच्चे धमा-चौकड़ी कर रहे हों तो आनंद ही आनंद है। परिवार के प्रिय सदस्यों और अन्तरंग मित्रों का साथ सुखद रहता है। चन्दन के पानी से शीतल किये हुये कमल या ताड़ के पत्तों से बने पंखों की मंद शीतल हवा और उनसे गिरते हुये जल के कणों का आनंद अवश्य लेना चाहिये। गर्मी आने वाली है। इन सब बातों का ध्यान रखकर ग्रीष्म ऋतु में स्वयं को दोष संचय से बचाते हुये को स्वस्थ व सुखी रखा जा सकता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय,**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# डॉ. केशव राव हेडगेवार सच्चे देशभक्त थे

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना की शताब्दी पर विशेष....



**शंकर अग्रवाल**

"न्यायालय में सरकारी वकील से पूछा था, वास्तव में ऐसा कोई कानून है क्या कि जिसके बल पर एक देश के लोग दूसरे देश में जाकर उन पर बलपूर्वक शासन करें? यह बात प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त के विरूद्ध नहीं है तो और क्या है? अंग्रेजों को यह अधिकार किसने दिया कि भारत के लोगों को पैरों तले रौंद कर उन पर जोर जबरदस्ती शासन करें? जिस प्रकार इंग्लैंड के लोग इग्लैंड पर, फ्रांस के लोग फ्रांस पर शासन करते हैं वैसे ही हम भारत के लोगों पर भारत का शासन चाहते हैं अन्य बाहरी लोग उसके अधिकारी नहीं है।

हमें पूर्ण स्वतन्त्रता चाहिए और वह हम लेकर रहेगें एवं वह हमें मिलेगी, इसमें संदेह नहीं है।" इन जलते हुए अंगारों के पड़ते ही मजिस्ट्रेट साहब बोल उठे "This statement is more sedicious than his speech" अर्थात् इनके मूल भाषण की अपेक्षा न्यायालय में दिया वक्तव्य अधिक कड़वा व राजद्रोह पूर्ण है। केशव को दोषी करार देकर राजद्रोह के अपराध में एक वर्ष की कठोर सजा दी गई। यह वक्तव्य दिया 1921 में एक अदालत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेनार ने दिया। इससे स्पष्ट होता है कि उनके मन में देश की आजादी व अंग्रेजों के विरूद्ध कितनी कठोर ज्वाला उनके हृदय में धधक रही थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेनार का जन्म 01 अप्रेल 1889 में हुआ व देहान्त 21 जून 1940 में हुआ, लेकिन 51 वर्ष की अल्पआयु में इतने बडे संगठन की कल्पना व उसे साकार करना एक बडी चुनौती थी। उनके जीवन में बाल्यकाल से ही देशभक्ति कूट-कूट कर कुदाले मार रही थी। 22 जून 1897 में इंग्लैंड की महारानी विक्टोरिया का 60वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में बच्चों को मिठाई बांटी गई। बच्चों ने मिठाई बडे चाव से खाई लेकिन बालक केशव ने मिठाई कूड़ेदान में डाल दी। उसका कहना था कि न हमारी महारानी है न हमें खुशी, किस बात का जश्न।

बाल्यावस्था में नागपुर के सीताबडी किले पर यूनियन जैक लहराता देख बालक केशव का मन बार-बार कसोट रहा था। बालक केशव ने अपने बाल साथियों के साथ उसे उतारकर भगवा ध्वज फहराने की योजना अनुसार 7-8 साथियों को लेकर अध्ययन हेतु अध्यापक के घर जाते, उसी के एक कमरें से सुरंग खोदकर किले तक पहुंच भगवा लहराने की योजना बनाई, एक दिन सुरंग को देख अध्यापक महोदय ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कर दिया। अध्यापक महोदय ने उस समय कहा था कि यह बालक केशव एक दिन किसी हिन्दू संगठन को जन्म देगा और ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देने वाला कार्य करेगा।

सोलह वर्ष की आयु में केशव नागपुर के पिंकसिटी हाई स्कूल में दसवीं कक्षा में अध्ययन कर रहे थे। इसी स्कूल में वन्दे मातरम उद्घोष पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। केशव ने इसका विरोध करने की योजना बनाई, सारी योजना गुप्त रखी गई। जैसे ही शिक्षा निरीक्षक और स्कूल के अध्यापक निरीक्षण के लिए कक्षा में आये, सभी बालकों ने वन्दे मातरम का जोरदार उद्घोष किया एवं यही उद्घोष अन्य कक्षाओं में भी गूंजा।

अंत में जांच करने पर कुछ पता नहीं लगा कि इस उद्घोष के पीछे कौन है लेकिन केशव ने स्वयं अपना नाम आगे किया व स्कूल से निकाले जाने की सजा मिली। केशव को माफी के लिये मजबूर भी किया कि वे क्षमा मांग ले, पर उसने कहा वन्दे मातरम बोलना मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है व इससे पीछे नहीं हटूंगा।

स्कूल से निष्कासन के बाद भी बालक केशव ने अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों को विराम नहीं दिया व निरन्तर इसी उधेड़बुन में रहे कि मेरा देश कैसे आजाद हो व अंग्रेजों का आधिपत्य कैसे समाप्त हो। उस राष्ट्रभक्त नेताओं में लोकमान्य तिलक, महर्षि अरविन्द और डॉ. मुंजे 3/5 दूसरे विद्यालय में प्रवेश के बाद स्कूली शिक्षा पूर्ण कर केशव डॉक्टरी की पढ़ाई हेतु कलकत्ता चले गए। कलकत्ता जाने का मुख्य उद्देश्य क्रांतिकारी संगठनों से जुड़ना था। उनकी नेतृत्व क्षमता का आभास इसी से होता है कि उनके निवास पर सुभाष चन्द बोस जैसे बड़े नेता भी उनसे मिलने व विचार-विमर्श हेतु आते थे।

सन् 1915 में डॉक्टरी की डिग्री लेकर केशव राव नागपुर आ गये। वह चाहते तो अच्छी डॉक्टर की प्रेक्टिस कर सकते थे व धन कमा सकते थे लेकिन उनके मन में तो आजादी की ज्वाला धधक रही थी, अतः उन्होंने परिवार के अनेक दबाव के बाद भी शादी नहीं करना व डॉक्टर बनकर पैसा कमाना दोनों रास्ते सदा के लिये बन्द कर दिये व आजादी के आंदोलन में कूद पड़े।

इस आंदोलन में डॉ. साहब एक बार नहीं अनेक बार जेल गये, लेकिन अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं कर हमेशा उसका प्रतिकार किया। एक बार जब डॉ. साहब जेल से छूटे तो उनके सम्मान समारोह में पं. मोतीलाल नेहरू व लोकमान्य तिलक स्वयं स्वागत हेतु मंच पर आसीन हुये।

उपरोक्त घटनाओं जिनका वर्णन किया गया, यह देशभक्ति का मात्र नमूना है। डॉक्टर साहब जीवन पर्यन्त देश सेवा में लगे रहे। कांग्रेस में कार्य करते हुये आजादी के आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाई। सन् 1920 में नागपुर कांग्रेस अधिवेशन में आप ही ने पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव लाने का आग्रह किया व पूरे जोर से पूर्ण स्वराज की मांग की, लेकिन यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका, जिसे दस वर्ष बाद कांग्रेस ने लाहौर अधिवेशन में 19 दिसम्बर 1929 को पारित किया व 26 जनवरी 1930 को इसकी सार्वजनिक घोषणा की गई। उपरोक्त प्रस्ताव काफी विलम्ब से पारित हुआ।

इसके पश्चात् डॉ. साहब के मन में ख्याल आया कि आजादी तो हमें देर-सवेर मिल जायेगी। इस आजादी को कायम रखना कठिन होगा व आजादी मिलने के बाद भी हम वापिस गुलाम नहीं होंगे, इसकी क्या गारंटी है। उनका विचार था इस कार्य हेतु हमारे समाज खासतौर से हिन्दू समाज को संगठित व जागरूक करना होगा, तभी हमारी आजादी कायम रह सकेगी। आजादी का सही अर्थ भी हमारे समाज को मजबूत व संगठित करना होगा।

इसी भाव को लेकर डॉक्टर साहब ने 1925 को विजयादशमी के दिन चार बाल स्वयं सेवको को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना की। आज वही संगठन अपने सौ वर्ष पूर्ण करने जा रहा है एवं आज विपक्षी दल अनेक बार आवाज उठाते हैं की संघ का आजादी के आंदोलन में कोई सहयोग नहीं रहा जबकि संघ संस्थापक स्वयं कांग्रेस में काम करते थे व अनेकों बार देश की आजादी के लिए जेल गये।

आज वीर सावरकर जैसे देशभक्त को माफीवीर व भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू को आतंकवादी कहा जाता है। जबकि उपरोक्त सभी देशभक्त थे व आजादी के लिए अपने तरीके से अलग-अलग लडाई लड़ रहे थे। नेताजी सुभाष चन्द बोस भी कांग्रेस से अलग होकर देश की आजादी के लिए आजाद हिन्द फौज की स्थापना की व अंग्रेजी सरकार को कमजोर करने में लगे थे, ताकि अंग्रेज फौज कम होगी तो भारत पर उनकी पकड़ कमजोर होगी। अतः मत भिन्नता का अर्थ आज विपक्षी दल स्वतंत्रता सेनानियों को देशद्रोही, आतंकवादी, अलगाववादी कहे, यह उपयुक्त नहीं।

डॉ. साहब ने भले ही संघ स्थापना के पन्द्रह वर्ष बाद ही दुनिया को विदा कहकर चले गये। आज उनके लगाये पौधे से अनेक शाखाऐं व पेड़ खड़े हो गये। आज संघ के पास देशभर में अस्सी हजार शाखाएँ, एक लाख साठ हजार सेवाकार्य, करोड़ों कार्यकर्ताओं का बल है। गांधी हत्या के बाद 1948, इन्दिरा जी द्वारा आपातकाल के नाम पर 1975 से 1977 तक संघ पर प्रतिबंध व लाखों कार्यकर्ताओं को जेल में डालने के बाद भी संघ अपने पथ से विचलित नहीं हुआ। 1992 में भी बावरी ढांचा टूटने पर ऐसा ही प्रतिबंध लगा था।

तीन बार प्रतिबंध में एक भी बार संघ अथवा संघ के किसी कार्यकर्ता को दोषी नहीं पाया गया। आज विद्यार्थी परिषद्, बनवासी कल्याण परिषद्, विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, शिक्षा भारती प्रज्ञा प्रवाह आदि अनेक संगठन समाज सेवा में सक्रिय हैं एवं अपने-अपने राज्य में विश्व स्तर पर एक स्थान रखते हैं। आज देश का नेतृत्व इसी संघ से मिले कार्यकर्ताओं के हाथ में है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अनेक प्रान्तों के मुख्यमंत्री इसी धारा से शिक्षण पाकर देश सेवा में जुटे है। धन्य है ऐसे देशभक्त व युगपुरूष केशव को।

**–सी.ए. शंकर अग्रवाल**

# राजस्थान रो विश्वास, विकास रे साथ



**डॉ. निमिषा गौड़**

रंग रंगीले राजस्थान की माटी में साहस-शौर्य की सुगंध बसी है, जहाँ शूरवीरों और वीरांगनाओं की गाथाएँ अनगित कहानिया बुनती है। भौगोलिक विशालता से समृद्ध इस भूमि में मेवाड़ के राणा सांगा और महाराणा प्रताप का अदम्य शौर्य गूंजता है। हाड़ौती की कला और किले इतिहास की भव्यता को दर्शाते हैं। मारवाड़ की संस्कृति और मरू भूमि अपनी अनूठी पहचान बनाये हुए है। शेखावाटी की हवेलियां स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। ढूंढाड़ की रणभेरी आज भी गूंजती प्रतीत होती है। मेवात क्षेत्र का वेभवशाली इतिहास गौरवशाली परम्पराओं को संजोये हुए है। गोडवाड़ के व्यापारिक मार्गों ने इसे एक महत्वपूर्ण आर्थिक केन्द्र बनाया है। भगवान श्री कृष्ण की धरती बृज क्षेत्र के अध्यात्म की गाथाएं दुनियाभर के आकर्षण का केन्द्र रही हैं। यह बहुसांस्कृतिक राज्य अपनी आंतरिक विविधताओं में अद्वितीय है, जहां भेष-भाषा और भोजन हर कुछ किलोमीटर पर बदल जाता है। ऐसे राजस्थान की सांस्कृतिक सभ्यता की पहचान किसी परिचय की मोहताज नहीं है।

'पधारो म्हारे देस' का वाक्यांश राजस्थान की अतिथि सत्कार परंपरा को संजोता है। ऐसे आत्मीय राजस्थानवासीयों के लिये विकसित राज्य की प्रतिबद्धता सुशासन से ही सिद्ध होगी, और यही विश्वास, विकास का पथ बनेगा। इसके लिए आधारभूत सुविधाओं के साथ साथ ढांचागत विकास आवश्यक है। एकीकरण के 76 वर्ष बाद भी पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, भोजन जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से लेकर कृषि, उद्यम, शिक्षा एवं ऊर्जा, डेयरी क्षेत्रों में 5-6 दशकों से प्रयास हो रहे थे, फिर भी अपेक्षित परिणाम अब तक दूर प्रतीत होते थे।

पिछले एक वर्ष के आंकलन से स्पष्ट होता है कि राजस्थान सरकार के ऐतिहासिक और साहसिक निर्णयों ने राज्य को विकास के नये पायदान पर पहुंचा दिया है। थार मरूस्थल की धरा पर नदियों का प्रवाह कभी स्वप्न जैसा प्रतीत होता था, और पूर्ववर्ती सरकारें नदी जल समझौते पर आरोप-प्रत्यारोप में उलझी रही। किन्तु अब मुख्यमंत्री ने रामजल सेतु लिंक परियोजना पर सर्वसम्मति से 17 दिसम्बर, 2024 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में एम.ओ.यू. किया। यह परियोजना राजस्थान के 17 जिलों में 3.25 करोड़ लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ 2.5 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई के लिए अतिरिक्त जल सुनिश्चित करेगी, जिससे राज्य में जलसंकट का स्थायी समाधान मिलेगा। इसी कारण कहा जाने लगा है कि अब मरूधरा सुजलाम् सुफ्लाम् बनेगी।

कृषि क्षेत्र में नवाचार के तहत पंच-गौरव योजना लागू की गई है जो सम्पूर्ण कृषि विकास की आधारशिला बनी है। प्रत्येक जिले के लिए एक विशिष्ठ फसल, वनस्पति प्रजाति, उत्पाद, पर्यटन स्थल और खेल पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। संतुलित विकास को गति देने के लिए कृषि, पर्यटन और जल संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। राजस्थान के 72 लाख किसान बैंक खातों में 1400 करोड़ से अधिक की राशि का हस्तांरित की जा चुकी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देने से लेकर फसल ऋण का त्वरित वितरण सुनिश्चित किया गया है जिससे किसानों को प्रत्यक्ष राहत मिली है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के उद्घाटन से पूर्व राजस्थान का प्राकृतिक दृश्य अद्भुत् था, मानो प्रकृति ने राज्य को भरपूर आशीर्वाद दिया है। छः दशकों बाद हुई प्रचुर वर्षा ने न केवल बांधो और तालाबों को लबालब भर दिया, बल्कि कस्बों और गांवों की छवी भी बदल दी। सूखे से जूझते राजस्थान के हर गांव और ढाणी में जलाशयों के भरने से नई ऊर्जा का संचार हुआ, जैसे निवेशकों को आकर्षित करने की नींव प्रकृति ने रख दी हो। राज्य सरकार ने भी राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 के तहत स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज में निवेश की सीमा 25 करोड़ एवं पर्यटन क्षेत्र में 10 करोड़ रूपये तय कर निवेशकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समिट से पूर्व दस संकल्प लिये, जिनमें सौर ऊर्जा का विस्तार, हस्तशिल्प एवं कला संस्कृति का संवर्द्धन, मिलेट फूड्स को बढ़ावा, विद्यार्थियों के वैश्विक अनुभव को प्रोत्साहन, न्यूनतम प्लास्टिक उपयोग, दिव्यांगों के लिए सम्मानजनक अवसर, विशिष्ट उत्पादों की पहचान, अपशिष्ट का पृथक्करण और नये रोजगार सृजन शामिल थे। इन प्रयासों का प्रभाव इतना व्यापक रहा कि राजस्थान में 35 लाख करोड़ रूपये से अधिक के एम.ओ.यू. सम्पन्न हुए। समिट में 32 देशों की सहभागिता ने राजस्थान की वैश्विक पहचान को और अधिक सुदृढ किया, जिससे राज्य निवेश और व्यापार के नये अवसरों की दिशा में तेजी से अग्रसर हुआ।

युवाओं के प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकारों के नाकामी के कारण बेरोजगारी इतनी बढ़ गई थी कि आत्महत्या के मामलों में राजस्थान शीर्ष पर पहुंच गया था। इस निराशाजनक माहौल में युवाओं में आशा की किरण जगाने और उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने की जरूरत थी। त्वरित कार्यवाही करते हुए सरकार ने एसआईटी का गठन कर पेपर लीक माफिया को जैल भेजा। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के इस संकल्प कि "आप मेहनत करो, अब एक भी पेपर लीक नहीं होगा" को युवाओं ने आत्मसात कर लिया था। परिणामस्वरूप 1 जनवरी, 2024 से अब तक 146 परीक्षाएं बिना पेपर लीक के सम्पन्न कराई गई।

राजस्थान बजट 2025 में सवा लाख भर्तियों की घोषणा के साथ-साथ राजस्थान रोजगार नीति को 19वीं विधानसभा के सत्र में प्रस्तुत किया गया। अब युवाओं को सार्वजनिक नियुक्ति पत्रों के माध्यम से रोजगार के अवसर दिये जा रहे हैं। कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए खनन, उद्यम, पर्यटन और आर्थिक नीतियों को सतत विकास के अनुरूप बनाया जा रहा है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नारी को नारायणी मानकर राज्य सरकार ने संबल समृद्धि और सुरक्षा के लिए कई साहसिक निर्णय लिये। लखपति दीदी योजना के तहत 20 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया जबकि लाडो प्रोत्साहन योजना में एक लाख बालिकाओं को 25 करोड़ का भुगतान कर आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया गया। उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने सीमित संसाधनों के बावजूद प्रशासनिक कुशलता का परिचय देते हुए बीपीएल महिलाओं को 450 रूपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया और उधर 3500 करोड़ का "मां कोष" स्थापित किया। मातृत्व पोषण योजना के तहत 3.80 लाख लाभार्थियों को 140 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई। इसी क्रम में तृतीय श्रेणी की अध्यापिकाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर बाल शिक्षा को मातृत्व संरक्षण से जोड़ने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

इस क्रमबद्ध विकास ने राजस्थान के नव निर्माण की मजबूत नींव रखी है। 'आपणों अग्रणी राजस्थान' के संकल्प में महिला, युवा, किसान और मजदूरों के विकास को प्राथमिकता दी गई है। मजदूरों के कल्याण हेतु गरीबी मुक्त गांव योजना को ई-वर्क पोर्टल से जोड़ा गया, जिससे ई-गवर्नेंस को बढ़ावा मिल रहा है।

हाल ही में राजस्थान दिवस के अवसर पर 92 हजार से अधिक श्रमिकों को 100 करोड़ की प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता दी गई और मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद किया। पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 150 यूनिट निशुल्क बिजली देकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को राहत प्रदान की जा रही है। किसानों को जल, बिजली, बीज और बाजार तक समृद्ध करने का संकल्प लेकर राज्य सरकार खुशहाल किसान के स्वप्न को साकार कर रही है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहजते हुए राजस्थान आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब आवश्यकता है, जनजागृति के साथ राजस्थान के विकास के जयघोष की।

**–डॉ. निमिषा गौड़,**
**सहायक आचार्य**
**कनोड़िया पी. जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर।**

## राशिफल रविवार 30 मार्च, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, रेवती नक्षत्र सायं 4:35 तक, ऐन्द्रयन योग सायं 5:54 तक, बव करण दिन 12:50 तक, चन्द्रमा आज सायं 4:50 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सायं 4:31 से सूर्योदय तक है। आज चंद्र दर्शन, दक्षिण श्रृंगोन्नति, चान्द संवत्सर प्रारम्भ होगा। आज से बसन्त नवरात्रा शुरू होंगे। आज सिंजारा (गणगौर), कल्पादि, चैत्र शुक्लादि, गुड़ी पड़वा, श्री गौतम जयन्ती, श्री झूलेलाल जयन्ती, चेटीचण्ड संवत्सर कल श्रवण है। पंचक सायं 4:35 तक रहेंगे। आज घट स्थापना मुहूर्त प्रातः 6:24 से 7:07 तक सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त है। अभिजित 12:07 से 12:56 तक है। चौघडिये के अनुसार प्रातः 7:56 से 12:31 तक कर सकते हैं।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:56 से 9:28 तक, लाभ-अमृत 9:28 से 12:31 तक, शुभ 2:03 से 3:35 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:39



### मेष

घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।



### सिंह

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आज यात्रा टालना ठीक रहेगा।




### धनु

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।




### वृष

आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बनी रहेगी।



### कन्या

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




### मकर

परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




### मिथुन

आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




### तुला

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।




### कुंभ

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




### कर्क

धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



### वृश्चिक

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।



### मीन

महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 50 संख्याः 164 प्रभात कोटा, रविवार 30 मार्च, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# ग्रीनलैण्ड व कैनडा ने अमेरिका को झिड़की पिलाई

### अमेरिका के उपराष्ट्रपति, जो ग्रीनलैण्ड की यात्रा पर थे, उनकी ग्रीनलैण्ड के निवासियों ने एक तरह से पूरी अवहेलना की और बहुत ही ठण्डा स्वागत किया

- यहाँ तक की ग्रीनलैण्ड के निवासियों ने सशस्त्र सामना करने की कृतसंकल्पता दिखाई, अगर, अमेरिका ने ताकत के जोर पर, ग्रीनलैण्ड पर आधिपत्य स्थापित करने का प्रयास किया। अमेरिकी आधिपत्य की संभावना इसलिए भी ढीली पड़ी, क्योंकि ग्रीनलैण्ड के चारों तरफ समुद्र में, रूस व चीन दोनों देशों ने सैनिक जहाज व पनडुब्बियाँ मंडराने के लिए भेज दी थीं।
- कैनडा ने भी अमेरिका को खुली चुनौती दी, अमेरिका ने कैनडा से भेजे गये सामान पर, ड्यूटी में भारी बढ़ोतरी की धमकी दी। चुनौती का असर हुआ और राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैनडा के प्र.मंत्री को गवर्नर कहने के स्थान पर, सम्मान सूचक तरीके से संबोधन करना शुरु किया।

-अंजन रॉय-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 मार्च। ग्रीनलैण्ड और डेनमार्क ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस और उनकी पत्नी को द्वीप पर दौरे के दौरान कड़ी झिड़की दी है, वहीं ट्रम्प, ने ओवल ऑफिस में आनन-फानन में बुलाई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ग्रीनलैण्ड पर कब्जा करने के अपने दावे को दोहराया। अब ट्रम्प कह रहे हैं कि वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड को अमेरिका के अधीन होना पड़ेगा। इस क्षेत्र में रूसी और चीनी नौसेना के जहाजों का भारी जमावड़ा है और यह स्थिति अमेरिका के लिए भारी पड़ सकती है।

डेनमार्क और ग्रीनलैण्ड की प्रतिक्रियाओं के साथ-साथ कैनडा ने भी, कैनडा पर नियंत्रण के अमेरिका के प्रयासों तथा टैरिफ को खुली चुनौती दी है, जिससे अमेरिकियों को झटका लगा है। डॉनल्ड ट्रम्प ने अब कैनडा पर अपने दावों को त्याग दिया लगता है और नए प्रधानमंत्री को "गवर्नर कार्नी" कहने के बजाय, उनके आधिकारिक उपनाम से संबोधित किया।

दूसरी तरफ, इस आर्कटिक द्वीप को अपने राष्ट्र का हिस्सा बनाने के अमेरिका के रवैये के कारण ग्रीनलैण्ड के लोगों ने यात्रा पर आए अमेरिकियों का भारी तिरस्कार किया।

अमेरिका को उम्मीद थी कि ग्रीनलैण्ड यात्रा के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति का उत्साहपूर्ण स्वागत होगा। उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी, स्थानीय इनुइट लोगों के वार्षिक स्लैड डॉग शो में सम्मिलित होकर द्वीपवासियों के साथ सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाने वाले थे।

लेकिन इसके बजाय, इस "हाई पावर" दम्पति को बहुत ही ठंडी प्रतिक्रिया मिली और अंततः वो सांस्कृतिक कार्यक्रम और शो में भाग नहीं ले पाए। उनकी यात्रा, द्वीप के अलग-थलग हिस्से में स्थित एक अमेरिकी अंतरिक्ष स्टेशन के दौरे तक सीमित रह गई। वहाँ पर भी उनका स्वागत करने के लिए कोई स्थानीय व्यक्ति मौजूद नहीं था।

इस बीच, डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स रासमुसेन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट रूप से कहा कि डेनमार्क और ग्रीनलैण्ड की सरकारों को, द्वीप की यात्रा पर आए अमेरिकियों व यू.एस. अधिकारियों की "टोन" पसंद नहीं आई है। ग्रीनलैण्डवासियों ने यहाँ तक धमकी दी थी कि यदि अमेरिका द्वीप के बलपूर्वक अधिग्रहण के अपने प्रयासों को जारी रखता है तो वे सशस्त्र संघर्ष भी कर सकते हैं। ग्रीनलैण्डवासियों और डेनमार्क सरकार द्वारा ठंडी प्रतिक्रिया मिलने के बाद, उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस ने द्वीप पर वर्तमान प्रशासन के बारे में कुछ टिप्पणियाँ कीं, जिन्हें आपत्तिजनक कहा गया। वैंस ने कहा कि डैनमार्क को ग्रीनलैण्ड के प्रति अपना व्यवहार बदलना होगा।

विदेश मंत्री लार्स रासमुसेन ने कहा कि यदि अमेरिका द्वीप पर अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है और फिर बातचीत की मेज पर आ सकता है। सन् 1951 की एक संधि के तहत, अमेरिका को उचित विचार-विमर्श के बाद द्वीप पर कुछ सैन्य उपस्थिति बनाए रखने की अनुमति है। जो भी परिणाम हों, नए अमेरिकी प्रशासन को धीरे-धीरे यह बात समझ में आने लगी है कि अन्य देशों के बारे में की गई उसकी लापरवाह टिप्पणियाँ और अन्य देशों की संप्रभुता के संबंध में लिए गए उसे एकतरफा निर्णयों को मात्र सतही टिप्पणियों से सुलझाया नहीं जा सकता। कैनडा और ग्रीनलैण्ड दोनों ने ट्रम्प प्रशासन को कड़ा झटका दिया है और उसने अनिच्छा से यह स्वीकार किया है कि दुनिया भर में अमेरिकियों को उतना पसंद नहीं किया जाता, जितना वे सोचते थे।

## नेपाल में हालात सामान्य, कर्फ्यू हटाया

नई दिल्ली, 29 मार्च। नेपाल में अब हालात सामान्य होते दिख रहे हैं शनिवार को काठमांडू के पूर्वी हिस्से से कर्फ्यू हटा लिया गया। शुक्रवार को राजशाही समर्थकों व सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था। शुक्रवार को राजशाही की पुनर्बहाली की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए और हालात उस समय उग्र हो गए जब प्रदर्शनकारियों ने एक राजनैतिक दल के कार्यालय पर हमला कर दिया, वाहनों में आग लगा दी और दुकानों में लूटपाट की। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने संसद भवन की ओर मार्च कर रही भीड़, जो पथराव कर रही थी, को रोकने के बल प्रयोग किया। हिंसा में एक टीवी कैमरामैन और एक प्रदर्शनकारी सहित दो लोगों की मौत हो गई तथा 112 लोग घायल हो गए।

## म्यांमार भूकंप, 1644 की मौत 344 घायल

नेपीदा, 29 मार्च। म्यांमार में शनिवार दोपहर 3:30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्याँमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने जताई है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, मरने वालों का आंकड़ा 1644 हो चुका है, जबकि 3,408 से ज्यादा लोग घायल हैं और 139 लोग लापता हैं।

# अमेरिका की भारतीय निर्यात पर भारी टैरिफ लगाने की बात केवल "हौवा" निकली?

### अर्थशास्त्रियों का मानना है, कुछ क्षेत्रों, जैसे वाहनों के स्पेयर पार्टस में निर्यात गिरेगा, पर, कई अन्य क्षेत्रों में नये विकल्प खुलेंगे, दोनों देशों के बीच व्यापार के लिए

- अमेरिका के व्यापार व ट्रेड प्रतिनिधि ब्रैंडन लिंच व भारतीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बीच चल रही इस मुद्दे पर बातचीत 29 मार्च को पूरी हो रही है तथा दोनों देशों का मानना है कि बातचीत प्रतिस्पर्धा के रूप में नहीं, बल्कि एक दूसरे के हितों पर ध्यान रखते हुए हो रही है।
- उदाहरण के लिए, भारत ने अमेरिका के कृषि उत्पादन का भारत को निर्यात बढ़ाने की प्राथमिकता को ध्यान में रखा है, पर, दूसरी ओर भारत से निर्यात किए जाने वाले कृषि उत्पादन, जैसे- फल, विशेषकर अनार व अंगूर को बढ़ाने के लिए अमेरिका पर दबाव बनाया है, जो अमेरिका ने लगभग स्वीकार कर लिया है।

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 मार्च। अमेरिका ने 2 अप्रैल को अपने प्रमुख व्यापारिक सहयोगियों पर "रैसिप्रोकल टैरिफ" की नीति लागू करने की घोषणा की है, अब 2 अप्रेल एकदम पास आ गई है, और भारत दोराहे पर, आर्थिक उथल-पुथल के खतरे और अप्रत्याशित अवसरों, के बीच में खड़ा है। खतरे की चेतावनी देने की बजाय विशेषज्ञ तर्क दे रहे है कि भारत इस संकट से न केवल बिना किसी नुकसान के बाहर निकल आएगा, बल्कि पहले से ज्यादा ताकतवर बन जाएगा और निर्यात को बढ़ाने के नए रास्ते मिलेंगे।

नीति आयोग के अनुसार, प्रस्तावित अमेरिकन टैरिफ का टारगैट कुछ चुनिंदा सैक्टर्स ही होंगे, जिससे भारतीय निर्यात को स्थिति का लाभ उठाने के भारी अवसर मिलेंगे। आयोग के प्रोग्राम डायरेक्टर प्रवकार साहू ने नीति आयोग की तिमाही पुस्तिका "ट्रेड वॉच" के दूसरे संस्करण के विमोचन पर कहा, हम डेटा का विस्तार से विश्लेषण कर रहे हैं और शुरुआती निष्कर्ष बताते हैं कि भारत को इससे बड़ा नुकसान नहीं होगा। रैसिप्रोकल टैरिफ सिर्फ कुछ सैक्टर को ही प्रभावित करेगा और इससे हमारे निर्यात का विस्तार करने के अवसर भी पैदा हो सकते हैं।"

नीति आयोग के सदस्य अरविंद वर्मा ने इस आशावादी नजरिए का समर्थन किया। उन्होंने 2018 के एक मामले का हवाला दिया, जब अमेरिकन आयात में चीन की हिस्सेदारी कम हो गई थी, तब इससे ताईवान वियतनाम - थाइलैंड, मैक्सिको व भारत के निर्यात में भारी वृद्धि हुई थी। उन्होंने कहा कि एतिहासिक रुप से टैरिफ ने उन देशों के लिए नए द्वार खोले हैं, जो इस खाली जगह को भरने में सक्षम हैं।

आसन्न टैरिफ खतरे के बावजूद, भारत ने एक सक्रिय रुख अपनाया है, तनाव को कम करने के लिए अमेरिका को महत्वपूर्ण रियायतें दी हैं। सरकारी स्रोतों के अनुसार, भारत ने अमेरिकी कृषि उत्पादों पर टैरिफ कटौती का प्रस्ताव दिया है, जिसमें बादाम, क्रैनबेरी, बोरबॉन व्हिस्की, अखरोट, पिस्ता और दालें शामिल हैं। सबसे उल्लेखनीय कटौती बोरबॉन व्हिस्की पर की गई थी, जिसमें शुल्क 150 प्रतिशत से घटकर 100 प्रतिशत हो गया।

कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क 30 प्रतिशत से 100 प्रतिशत के बीच है, जबकि दालों पर लगभग 10 प्रतिशत शुल्क लगता है। हालांकि, डेयरी उत्पाद, चावल, गेहूं और मक्का के मामले में गतिरोध बना हुआ है, क्योंकि भारत इन संवेदनशील क्षेत्रों पर सुरक्षात्मक बाधाओं को बनाए रखना चाहता है। नई दिल्ली में चल रही व्यापार वार्ताओं में अमेरिका का नेतृत्व सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (दक्षिण और मध्य एशिया) ब्रैंडन लिंच कर रहे हैं, और उम्मीद है कि ये वार्ताएं आज (शनिवार) को समाप्त होंगी।






# बूढा देवल पंचायत को लाम्बाहरिसिंह पालिका क्षैत्र में शामिल करने का विरोध

## ग्रामीणों ने लाम्बाहरिसिंह-केकड़ी सड़क मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया


बूढा देवल पंचायत को लाम्बाहरिसिंह नगर पालिका में शामिल करने का विरोध कर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया।

- **आक्रोशित ग्रामीणों ने बीच सड़क पर टायर जलाकर जाम लगा दिया**

**मालपुरा,** (निसं)। राज्य सरकार ने बजट घोषणा में नवगठित लाम्बाहरिसिंह नगर पालिका क्षैत्र का विस्तार कर बूढा देवल पंचायत को शामिल करने के विरोध में एकजुट हुये ग्रामीणों ने शनिवार को लाम्बाहरिसिंह-केकड़ी सड़क मार्ग पर जाम लगा कर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बीच सड़क पर टायर जलाकर जाम लगा दिया। कई रोडवेज बसें व वाहन जाम में फंस गये। ग्रामीणों के आक्रोश व जाम की मिली सूचना पर लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाइश का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। पुलिस व ग्रामीणो के बीच हुई वार्ता के पश्चात नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। पूर्व सरपंच सत्यनारायण राजपूरोहित, वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि चन्द्रशेखर राठौड़, कन्हैयालाल सैन, गोपाल सिंह दरोगा, सत्यप्रकाश दाधिच आदि ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर देवल पंचायत को यथावत रखे जाने की अपनी मांग से अवगत करवाया।

बूढ़ा देवल के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुये बताया कि नवगठित लाम्बाहरिसिंह नगर पालिका उनकी पंचायत से दस किलोमीटर दूर है। जिसे राजनैतिक द्वेषता के चलते सम्पूर्ण पंचायत क्षैत्र को नगरपालिका में शामिल कर ग्राम पंचायत का अस्तित्व मिटाने की साजिश रची गई है, जिसे ग्रामीण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। योजनाबद्ध तरीके से सम्पूर्ण पंचायत को पालिका सीमा क्षैत्र मे शामिल किया गया है। विरोध स्वरूप पूर्व में भी ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर व एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज करवाया था। बीते दिन स्वायत्त शासन विभाग एवं ग्रामीण पंचायतीराज विभाग की और से आदेश जारी कर बूढ़ा देवल पंचायत को पालिका में शामिल कर दिया गया।

# सूने मकान से 75 लाख रूपए की शराब बरामद


आबकारी निरोधक दल ने कार्रवाई कर अवैध शराब बरामद की।

**उदयपुर,** (कासं)। आबकारी विभाग की उदयपुर संभाग स्तरीय आबकारी निरोधक टीम ने उदयपुर व सलूम्बर जिले की सीमा पर रेबारियों की ढाणी क्षेत्र में दबिश देकर 895 कार्टन शराब जब्त की है। शराब की अनुमानित 75 लाख रूपए बताई गई है। वहीं पुलिस ने अवैध शराब दर्ज कर अभियोग दर्ज किया।

अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि आबकारी निरीक्षक वृत डूंगरपुर राहुल शर्मा को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संभाग स्तरीय आबकारी निरोधक दल द्वारा कार्रवाई करते हुए उदयपुर-सलूम्बर जिले की सीमा क्षेत्र रेबारियों की ढाणी में एक सूने मकान में दबिश दी गई। दबिश की कार्रवाई के दौरान 895 कार्टन में अनुमानित 75 लाख रूपए की भारत निर्मित विदेशी अवैध शराब बरामद की गई। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त सांगावत के अनुसार उक्त दबिश कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक वृत डूंगरपुर राहुल शर्मा की अहम भूमिका रही। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने भी आबकारी निरीक्षक राहुल शर्मा के कार्य की सराहना की।

सांगावत ने बताया कि इस संबंध में नियमानुसार अभियोग दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। कार्रवाई में उपायुक्त आबकारी निरोधक दल वृत उदयपुर प्रद्युम्न सिंह चुंडावत, आबकारी वृत निरीक्षक डूंगरपुर राहुल शर्मा, आबकारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, प्रहराधिकारी अनिल कुमार सहित ईपीएफ जाब्ता शामिल रहे।

# खनन कर रहे लोगों पर मधुमक्खियों का हमला, 10 घायल

**झुंझुनूं,** (निसं)। कान्हा पहाड़ में खनन कार्य ने जुटे करीब एक दर्जन मजदूरों पर घोड़ा मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। घोड़ा मधुमक्खियों के हमले से खनन कार्य में जुटे मजदूरों में अफरा तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार कान्हा पहाड़ में खनन की गतिविधियों से उत्पन्न कंपन्न के कारण एक पेड़ पर बना घोड़ा मधुमक्खियों का छत्ता टूट गया, जिसके बाद मधुमक्खियों ने वहां काम कर रहे मजदूरों पर हमला बोल दिया। इस हमले में करीब एक दर्जन मजदूर घायल हो गए। घायलों को फौरन एम्बुलेंस से बीडीके अस्पताल पहुंचाया गया, जहां 10 मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घायल मजदूर देवकरण की हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रैफर किया गया, जबकि एक अन्य घायल छोटेलाल का इलाज बीडीके अस्पताल में चल रहा है।झुंझुनूं में दो दिनों में मधुमक्खियों के हमले की यह दूसरी घटना है। कल भी चारावास गांव में हुए मधुमक्खियों के हमले से घायल करीब 50 जने अस्पताल पहुंचे थे।

# 2.349 किलो अवैध अफीम बरामद, एक गिरफ्तार



चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा रोड पर बाइक सवार से जब्त अफीम।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। अधीक्षक (निवारक) उप नारकोटिक्स आयुक्त कार्यालय, कोटा की ओर से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए के चलाए जा रहे अभियान के तहत सीबीएन को एक और सफलता प्राप्त हुई है। उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा नरेश बुन्देल ने बताया कि अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने गंगरार टोल गेट के आगे वाटर पार्क के सामने, चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा राजमार्ग, तहसील-गंगरार, जिला चित्तौड़गढ़ पर एक मोटरसाइकिल का पीछाकर रोका और 2.349 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की एवं एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि सीबीएन को सूचना मिली कि एक व्यक्ति चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा रोड के माध्यम से मोटरसाइकिल का उपयोग करके अवैध अफीम की तस्करी करेगा। इसके पश्चात सीबीएन, चित्तौड़गढ सेल के अधिकारियों टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी और उक्त वाहन की पहचान के बाद उक्त वाहन को रोका और अवैध अफीम बरामद की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

# हादसे में बाइक सवार पिता की मौत, पुत्र घायल

- **पिता अपने बेटे को पेपर दिलाने के लिये डाबी से कोटा आ रहा था**
- **हादसे के बाद ट्रेलर चालक फरार हुआ**

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना इलाके में ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार पिता की मौत हो गई व पुत्र घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल लाया गया।

पिता अपने बेटे को कोटा के राजकीय महाविघालय में फर्स्ट ईयर का पेपर दिलाने के लिये डाबी से कोटा आ रहा था। डाबी थाने के एएसआई घीसा सिंह ने बताया कि डाबी निवासी गुलाबचंद जैन अपने बेटे नमन जैन को फर्स्ट ईयर का पेपर दिलाने के लिये मोटरसाइकिल से तड़के सुबह चार बजे करीब डाबी से कोटा के लिये रवाना हुए, सुबह सात बजे बच्चे का पेपर था। एएसआई ने बताया कि दोनों पिता-पुत्र मोटरसाइकिल से कोटा आ रहे थे तभी नान्ता क्षेत्र में पीछे से आ रहे ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। एएसआई ने बताया कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए गुलाबचंद जैन (52) को एमबीएस अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रेलर की चपेट में आने से पिता की मौत हो गई और उसके पुत्र नमन को भी हल्की चोटें पहुंची। मौके से ट्रेलर चालक फरार हो गया। एएसआई ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर अज्ञात ट्रेलर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# शातिर पर्स स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लोगों से पर्स और मोबाइल छीनने वाले एक शातिर पर्स-मोबाइल स्नैचर पंकज चंदानी को पकडा है। जिसके पास से पुलिस ने छीने गए पर्स में रखा मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन जब्त भी किया है। इसके अलावा पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदि है और नशे पूर्ति के लिए पर्स और मोबाइल छीनने की वारदात करता है। जिसने पूछताछ में एक दर्जन से अधिक वारदातों का खुलासा किया है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लोगों से पर्स और मोबाइल छीनने वाले एक शातिर पर्स-मोबाइल स्नैचर पंकज चंदानी निवासी लसूडिया जिला इन्दौर (मध्य प्रदेश) हाल मुरलीपुरा को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने छीने गए पर्स में रखा मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन बरामद किया है।

# नाबालिग के अपहरण का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

- **वारदात में काम में ली गई गाड़ी जब्त**

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने शनिवार को नाबालिग लड़की के अपहरण के प्रयास करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने वारदात के दौरान काम में ली गई गाड़ी भी जब्त की है।

थानाधिकारी गोपाल लाल जांगिड़ ने बताया कि रंवा निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि 12 मार्च को मोनू लादी उर्फ बचिया, नरहरि उर्फ गोलिया व एक अन्य व्यक्ति बोलेरो गाड़ी में सायरन बजाते हुए उनके घर आए। इस दौरान उन्होंने घर का दरवाजा खटखटाया। जब उसकी मां ने दरवाजा खोला तो तीनों आरोपियों ने उसकी नाबालिग लड़की को उठाकर ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग आए तो बदमाश गाड़ी लेकर फरार हो गए। अपहरण के प्रयास के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी तथा घटना में प्रयुक्त वाहन की बरामदगी के लिए गोपाल लाल थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा तकनीकी मदद से आसूचना का संकलन किया जाकर तलाश की जा रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि वांछित आरोपी नरहरि उर्फ गोलिया गुर्जर खेतड़ी कस्बे में आया हुआ है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी नरहरि उर्फ गोलिया गुर्जर के रवां स्थित ठिकाने पर दबिश देकर दस्तयाब किया गया। आरोपी से पूछताछ कर अपहरण के मामले में गिरफ्तार कर वारदात में काम में ली गई बोलेरो गाड़ी को जब्त कर लिया। इस दौरान टीम में थानाधिकारी गोपाल लाल जांगिड़, एसआई बनवारीलाल यादव, कांस्टेबल महेश, रमेश आदि शामिल थे।

# बनास नदी पुलिया के नीचे महिला का शव मिला

## महिला के हाथ-पैर काटकर पहचान छुपाने के लिए सिर को जला दिया था

- **मोबाइल एफएसएल और एमओबी की टीमों ने मौके से साक्ष्य जुटाये**
- **सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरु**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में स्वरूपगंज के पास बनास नदी पुलिया के नीचे संदिग्ध अवस्था में महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला के हाथ-पैर काटकर पहचान छुपाने के लिए सिर को जला दिया था। सूचना पर हमीरगढ़ थाना पुलिस और सीओ सदर श्याम सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने मोबाइल एफएसएल और एमओबी की टीमों को बुलाकर साक्ष्यों को एकत्रित किया। वहीं प्रथमदृष्टया महिला की हत्या करना सामने आ रहा है। पुलिस महिला के शव की पहचान के प्रयास कर रही है।

सीओ सदर श्याम सिंह ने कहा कि हमीरगढ़ थाना क्षेत्र के स्वरूपगंज पुलिया के नीचे एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी, जिस पर मोबाइल एफएसएल और एमओबी की टीमों के साथ मौके पर पहुंचे। महिला का शव क्षत-विक्षप्त हालत में है। श्याम सिंह ने यह भी कहा कि महिला की प्रथमदृष्टया हत्या करना प्रतित हो रहा है। पुलिस गहनता से साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जाएगी।

# महिला की मौत पर बवाल, परिजनों ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया

- **परिजनों ने जांच अधिकारी को बदलने की मांग की**

**चौंमू/कालाडेरा,** (निसं)। कालाडेरा थाना क्षेत्र में एक महिला की मौत के बाद मामला तूल पकड़ गया है। जानकारी के अनुसार खपरिया गांव की मीरा देवी यादव (45) की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस थाने के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया।


पुलिस अधिकारियों ने मौके पर समझाइश वार्ता की।

करीब दस दिन पहले खपरिया गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। इस दौरान हुई मारपीट में मीरा देवी घायल हो गई थी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। मामले की जांच गोविन्दगढ़ डिप्टी राजेश जांगिड़ कर रहे हैं। मीरा देवी की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जांच अधिकारी ने लापरवाही बरती है। परिजन जांच अधिकारी को बदलने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। साथ ही एसपी को मौके पर बुलाने की मांग भी करने लगे रहे। कालाडेरा थाना पुलिस ने मामले को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन मृतक के परिजनों ने उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गये। मौके पर गोविन्दगढ़ सर्कल के थानों का जाप्ता धरना स्थल पर पहुंचा। वहीं चौंमू-कालाडेरा मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। जिसके बाद जयपुर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अधीक्षक (मुख्यालय) रजनीश पूनिया कालाडेरा थाने पर पहुंचकर मृतक के परिजनों व समाज के लोगों के साथ समझाइश वार्ता की। समझाइश वार्ता के दौरान मृतक के परिजनों के द्वारा पुलिस प्रशासन के सामने अपनी मांगें रखी। मांगों पर सहमति बनने के बाद मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड के द्वारा पोस्टमार्टम करवा कर दाह संस्कार किया गया।


**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम जोधपुर**

क्रमांक-13147 दिनांक-26.03.2025

**निविदा सूचना संख्या 23 वर्ष 2024-2025**

**NIB NO. PWD2425A4831**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पुल निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में इंटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। कार्यवार यूबीएन संख्या निम्नानुसार है।

1. PWD2425WSOB17383

(एन.सी.शर्मा) अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता
सा.नि.वि. संभाग प्रथम, जोधपुर

DIPR/C/4450/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड कोलायत**

क्रमांक-3686-99 दिनांक-25.03.2025

**Notice Invting Bid-99 to 110/2024-25**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 07.04.2025 at 18.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurerment portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http://eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 253.23 Lacs.

| NIT NO. | 99 | 100 | 101 | 102 | 103 | 104 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| UBN NO. | PHE2425 WSOB 12196 | PHE2425 WSOB 12197 | PHE2425 WSOB 12199 | PHE2425 WSOB 12200 | PHE2425 WSOB 12202 | PHE2425 WSOB 12204 |
| NIT NO. | 105 | 106 | 107 | 108 | 109 | 110 |
| UBN NO. | PHE2425 WSOB 12205 | PHE2425 WSOB 12207 | PHE2425 WSOB 12208 | PHE2425 WSOB 12209 | PHE2425 WSOB 12210 | PHE2425 WSOB 12211 |

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*

(धर्मेन्द्र कुमावत)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड कोलायत

DIPR/C/4492/2025


# किशोरी के आत्महत्या प्रकरण में आहोर के लोगों ने बाजार बंद कर प्रदर्शन किया


किशोरी के आत्महत्या प्रकरण को लेकर आहोर के लोगों ने बाजार बंद कर विरोध-प्रदर्शन किया।

- **एक नाबालिग लड़की ने पिछले दिनों फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी**
- **'मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है'**

**आहोर,** (निसं)। आहोर के समीप माधोपुरा में एक किशोरी के आत्महत्या प्रकरण को लेकर शनिवार को आहोर के लोगों ने बाजार बंद कर विरोध-प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार मोहित आशिया को ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक नाबालिग लड़की ने पिछले दिनों फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर आहोर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना के बाद परिजनों की रिपोर्ट पर मामला मर्ग में दर्ज कर अनुसंधान की कार्रवाई शुरू कर दी। इस बीच परिजनों व समाज के लोगों को किशोरी की आत्महत्या के पीछे किन्हीं लोगों का हाथ होने की भनक लगने पर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। आहोर व्यापार संघ ने आहोर बंद करने का एलान कर दिया था। शनिवार को आत्महत्या के विरोध में माधोपुरा स्थित सांवलाजी भगवान मंदिर में हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी शामिल हुए और विरोध जताया। सभा के बाद सभी लोग सड़कों पर उतर आए और माधोपुरा से गुजर रहे राष्टीय राजमार्ग-325 को जाम कर दिया। आहोर पुलिस के तैनात जाब्ते ने लोगों को समझाइश कर जाम को खुलवाया। इसके बाद प्रदर्शनकारी रैली के रूप में नारे लगाते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे और वहां पर धरना प्रदर्शन कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। वक्ताओं ने कहा कि एक नाबालिग लड़की को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों के खिलाफ कडी से कडी कार्रवाई की जाए। धरना प्रदर्शन के बाद आहोर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुजाराम प्रजापत व आहोर व्यापार संघ के अध्यक्ष नारायण सिंह की अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार मोहित आशिया को ज्ञापन सौंपा।

प्रकरण को लेकर आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पुलिस को त्वरित कार्रवाई के लिए कह दिया है, साथ ही माधोपुरा में हो रही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और ऐसी गतिविधियों में लिप्त बदमाशों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

आहोर थानाधिकारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।

# युवक ने शराब ठेके पर फांसी लगाई

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर के खेतड़ी रोड पर अड़ूका रेलवे फाटक के पास शनिवार रात को नरहड के युवक ने फांसी लगाकर इहलीला समाप्त कर ली। युवक चार-पांच दिन पहले ही शराब ठेके पर सेल्समैन के तौर पर आया था जो की रात में भोजन का टिफिन लेकर के सीढियों से छत पर जाता नजर आ रहा है।

सुबह निर्धारित समय पर शराब ठेका नहीं खुला तो किसी ने शराब ठेकेदार को इसकी सूचना दी। सूचना पर शराब ठेकेदार मौके पर पहुंचा और छत की सीढियों पर लगे गेट को खुलने के प्रयास किए, जो कि अंदर से बंद होने के कारण कुंदी को तोड़ा।

ऊपर बने कमरे में जाकर देखा तो युवक मनीष शर्मा निवासी नरहड़ फंदे पर झूला हुआ था।

सूचना पर पुलिस थाने से हेड कांस्टेबल सुधीर सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। बाद में एएसआई ताराचंद की मौके पर आए और पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव को उतरवाकर राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। युवक के भाई विकास ने शव की शिनाख्त की।


**राजस्थान आवासन मण्डल**

हमारा प्रयास, सबको आवास

*इस गर्मी में अपनी होगी छत, अपनी होगी छांव... आवासन मण्डल लाया अपने घर की सौगात*

**ई-ऑक्शन के माध्यम से आवासीय/व्यावसायिक प्रीमियम संपत्तियों को खरीदने का सुनहरा अवसर**

**ई-ऑक्शन की तिथि 28 से 30 अप्रैल, 2025**

| भूखण्ड संख्या | कुल भूखंड संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | न्यूनतम बोली मूल्य (रुपयों में) |
|---|---|---|---|
| योजना का नाम - साउथ एक्सटेंशन योजना, उदयपुर (बड़े व्यावसायिक भूखंड) | | | |
| 1 (Corner) | 1 | 2518 | 75000/-प्र.व.मी. |
| 2 (Corner) | 1 | 2518 | 72000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - रंगबाड़ी, कोटा (बड़े व्यावसायिक भूखंड) | | | |
| 5-C-3 | 1 | 1121.16 | 80000/-प्र.व.मी. |
| C (Corner) | 1 | 228.27 | 88000/-प्र.व.मी. |
| 5-C-1 (Corner) | 1 | 1125.13 | 83000/-प्र.व.मी. |
| A | 1 | 232.31 | 85000/-प्र.व.मी. |
| B | 1 | 240.36 | 85000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - जवाहर नगर, भरतपुर (बड़े व्यावसायिक भूखंड) | | | |
| JNB/C/01 | 1 | 1167.55 | 70000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - वी.टी. रोड़ मानसरोवर, जयपुर (बड़े व्यावसायिक भूखंड) RAJ/P/2023/2718 | | | |
| 13 | 1 | 3118.25 | 195000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - खान भांकरी रोड, दौसा (आवासीय भूखंड) | | | |
| 1/33 (Corner) | 1 | 336.00 | 36000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - चुरु (आवासीय भूखंड) | | | |
| 4/124-A | 1 | 136.75 | 20000/-प्र.व.मी. |
| 4/17-A | 1 | 165.67 | 20000/-प्र.व.मी. |
| 4/5 | 1 | 137.30 | 20000/-प्र.व.मी. |
| 4/10 (Corner) | 1 | 212.10 | 22000/-प्र.व.मी. |
| 2/108-A (Corner) | 1 | 164.25 | 22000/-प्र.व.मी. |
| 4/109 (Corner) | 1 | 174.00 | 25000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - लाल कोठी, जयपुर (आवासीय भूखंड) | | | |
| 43-KA-1 | 1 | 145.37 | 120000/-प्र.व.मी. |
| योजना का नाम - सी. ई. बी., अलवर (निर्मित आवास) | | | |
| 5-KHA-50 (Corner) | 1 | 163.95 | 9500000/-प्रति आवास |

*उपरोक्त भूखण्ड/आवास 'जहाँ/जैसी स्थिति में हैं' आवंटित किये जायेंगे।

नीलामी की विस्तृत जानकारी के लिए QR कोड स्केन करें

नीलामी में भाग लेने, विस्तृत शर्तों एवं अन्य जानकारी के लिए राजस्थान आवासन मण्डल की वेबसाइट https://rhb.rajasthan.gov.in देखें। तथा भवन निर्माण पेरामीटर्स भवन विनियम 2020 के अनुसार रहेंगे।

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009, कार्यालय समय उपरान्त: 9461054291/92/319 एवं 9460254319, 6376868696 या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन (9828363615) से सम्पर्क करें

Rera Website: www.rera.rajasthan.gov.in राज.संवाद/सी/24/14205 आवासन आयुक्त

## सार-समाचार

### नए आयकर बिल पर सेमिनार आयोजित

**कोटा,** (निसं)। टैक्स बार एसोसिएशन कोटा की ओर से शनिवार को छावनी स्थित एक निजी होटल में केंद्रीय सरकार द्वारा प्रस्तावित नए आयकर बिल एवं इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट पर होने वाली जीएसटी की जटिलताओं पर सेमिनार आयोजित की गई। इस सेमिनार में स्पीकर के रूप में जयपुर से पधारे सीए निखिलेश कटारिया एवं सीए पुलकित खंडेलवाल ने भाग लिया। टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए ऋषभ मित्तल एवं सचिव सीए हितेश दयानी ने बताया कि इस साल फरवरी में सरकार द्वारा नया आयकर बिल प्रस्तावित किया गया है जो की वर्ष 1961 के पुराने आयकर कानून की जगह लेगा। नए आयकर बिल में कई नए प्रावधान एवं बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं। वर्तमान आयकर कानून से नए आयकर बिल में क्या बदला एवं क्या यथावत रहा, इस पर स्पीकर सीए निखिलेश कटारिया ने प्रकाश डाला। इसी कड़ी में जीएसटी में सीए पुलकित खंडेलवाल ने माल एवं सेवाओं के इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट में लागू जीएसटी कानून के प्रावधानों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। एक्सपोर्ट किए गए माल पर चुकाए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट के रिफंड में आ रही परेशानियों पर प्रकाश डाला। सेमिनार में इनकम टैक्स चेयरमैन सीए अर्पित जैन, एसजीएसटी चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार विजय, कोषाध्यक्ष सीए गोविन्द डूडी, सीए अभय कुमार लोढ़ा, एडवोकेट गोपाल जैन, सीए राजीव बज़ारी, सीए चंद्रकांता मेहता, एडवोकेट एम एम शर्मा, सीए रामावतार अग्रवाल, एडवोकेट नरेश जैन, एडवोकेट सौरभ पाटनी, सीए प्रियंक काबरा, सीए निखिल जैन, सीए राधिका मित्तल, सहित 125 से अधिक शहर के सीए, टैक्स एडवोकेट एवं कर सलाहकार उपस्थित रहे।

### दे लीला ऑफ़ लॉर्ड कृष्णा कार्यक्रम संपन्न

**छबड़ा** (निसं)। सैनफोर्ड वर्ल्ड स्कूल में दे लीला ऑफ़ लॉर्ड कृष्णा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी, जिनमें संगीत, नृत्य और नाटक शामिल थे। स्कूल निदेशक महेंद्र मीणा ने बताया कि राजस्थानी लोकगीत पधारो म्हारे देश पर बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। ऐतिहासिक एक्ट रतन टाटा, एकलव्य और अहिल्याबाई होलकर जैसे नाटकों के माध्यम से बच्चों ने भारतीय इतिहास के प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को जीवंत किया। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर कंस वध, महाभारत और द्रौपदीचीर हरण तक की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तर पर जोडा। कार्यक्रम के अंत में दो विद्यार्थियों को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सैनफोर्ड स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्कूल का यह प्रयास शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशन सहयोग राशि की घोषणा

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2024-25 में 81 पांडुलिपियों पर 8.70 लाख रुपये के सहयोग दिए जाने की घोषणा की गयी है। अकादमी सचिव डा.बसंत सिंह सोलंकी ने बताया कि नये एवं ऊर्जावान लेखकों को अकादमी तथा साहित्य से जोड़ने की दृष्टि से अधिक से अधिक पांडुलिपियों पर सहयोग स्वीकृत की जा रही है। कुल घोषित 81 पांडुलिपियों में कोटा के 9 साहित्यकारों को शामिल किया गया है। इनमे शिवांगी सिंह की दीये की बाती बन जाओ, रश्मि वैभव की मन की पगडंडियों पर, अनुराधा शर्मा की अंधेरों को निगलता सूरज, रेखा पंचोली की हिम शिखर और चांदनी, श्वेता शर्मा की माँ का गाँव और बचपन, गोरस प्रचंड की बाल पहेलियाँ शामिल हैं. इसके अतिरिक्त प्रदेश के 26 ग्रंथों पर 2.12 लाख की प्रकाशन सहयोग राशि स्वीकृत की गयी है जिनमे कोटा के तीन साहित्यकार बद्री लाल दिव्य की मेरी उड़ान, विजय कुमार शर्मा की असली जीत तथा विष्णु शर्मा हरिहर की पगडण्डी के पीर शामिल हैं।

### दौड़ को हरी झंडी दिखाई

**झालावाड़** (निसं)। राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत शनिवार को जिला प्रशासन एवं जिला खेल कूद प्रशिक्षण केंद द्वारा विजया राजे सिंधिया राजकीय खेल संकुल से रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन किया गया। रन फॉर फिट राजस्थान को अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा ने खेल संकुल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर फिट राजस्थान खेल संकुल से सुभाष सर्किल, बस स्टैंड, निर्भयसिंह सर्किल, मल्होत्रा मोड़ से होती हुई खेल् संकुल पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भूदयाल मीणा, पुलिस उपाधीक्षक हर्षराज सिंह खरेडा, जिला शिक्षा अधिकारी हेमराज पारेता, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के जवान एवं शारीरिक शिक्षक व शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान जीवन आधार एजुकेशन सोसाइटी एवं जीवन ज्योति वेलफेयर संस्थान द्वारा जल पान की व्यवस्था की गई।

### 14 किलो डोडा-चूरा पाउडर जब्त, एक गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने रोडवेज बस में कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 14 किलोग्राम डोडा चूरा पाउडर जप्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक तस्कर रोडवेज बस से बस्सी से जयपुर तक अवैध डोडा चुरा पाउडर लेकर हरियाणा जा रहा है उक्त सूचना पर सीबीएन भीलवाड़ा के अधिकारियों की टीम गठित की गई टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखते हुए रोडवेज बस को रोका और बस में तलाशी के दौरान एक व्यक्ति के बैग से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा पाउडर बरामद किया और एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

### सोने के पेंडिल चोरी का प्रयास

**छबड़ा** (निसं)। शहर के मुख्य बाजार में गर्ल्स स्कूल के पास स्थित एक ज्वेलरी की दुकान में गहने खरीदने आई महिला मंगलसूत्र के सोने के पेंडिल को चुराने का प्रयास किया। दुकानदार की सजगता से पेंडिल चोरी होने से बच गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। ज्वैलर हितेश सोनी ने बताया कि एक महिला शनिवार को दुकान में ज्वेलरी खरीदने के बहाने आई और मंगलसूत्र खरीदने के बहाने पेंडिल देखने लगी और मुझे अपनी बातों में उलझाकर एक सोने का पेंडिल चूरा लिया। परंतु उनकी सजगता से उन्होंने महिला से पेंडिल निकलवा लिया। उन्होंने बताया कि उस महिला ने अन्य दुकानों पर भी चोरी का प्रयास किया। पेंडिल मिल जाने से पुलिस थाने में कोई कार्रवाई नहीं की है।

### माँ की अंतिम इच्छा अनुसार नेत्रदान कराया

**कोटा,** (निसं)। लाड़पुरा, मेन बाजार निवासी, राकेश, दिनेश और चेतना शर्मा की माता उत्तरा देवी का आकस्मिक निधन हुआ। खबर की सूचना पड़ोस में रह रही संतोष सोनी को मिली, तो उन्होंने तुरंत ही दिनेश को याद दिलाया कि, माताजी समाचार पत्रों में नेत्रदान की खबर पढ़ने पर सभी को प्रेरित करती रहती थी और उन्होंने अंत समय में अपने बेटे-बेटियों को भी नेत्रदान करवाने के लिए कह रखा था। तीनों बहन-भाईयों ने तुरंत ही आपस में सहमति कर शाईन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र विशाल रस्तोगी को संपर्क कर नेत्रदान का पुनीत कार्य संपन्न करवाया।

### 'रन फॉर फिट राजस्थान' दौड़ आज

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान सूथापना दिवस के अवसर पर 30 मार्च को सुबह 7:30 बजे रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने बताया कि 30 मार्च को सुबह 7:30 बजे जिला मुख्यालय पर खेल संकुल से रन फॉर फिट राजसूथान दौड का आयोजन किया जाएगा। यह दौड खेल संकुल से आरंभ होकर खोजागेट, आजाद पार्क के सामने से अहिंसा सर्किल, सर्किट हाऊस होते हुए खेल संकुल पर आकर सम्पन्न होगी

### हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में शोभायात्रा आज

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में नवसंवत्सर-2082 के अवसर पर गाजे-बाजे के साथ रविवार दोपहर करीब एक बजे नदी दरवाजा से शोभायात्रा षुरू होगी। यहां युवाओं द्वारा लगाए भगवान श्रीराम के जयकारे वातावरण को धार्मिकमय परिवर्तित करेगा। भारतीय नववर्श स्वागत समिति के संयोजक हितेन सोनी व प्रचार प्रमुख अमृतलाल मीणा ने बताया कि शहर में हिंदु नववर्ष से निकालने वाली शोभायात्रा में एक से बढ़कर एक कलाकार प्रस्तुतियां देगें। जिसमें सहरिया स्वांग, महाबली हनुमान, भगवान षंकर, महाराश्ट्र के प्रसिद्ध ढोल-ताशे, अखाडा आदि मुख्य आकर्शण के केंद्र होगें। कई सजीव झाकियां भी शोभायात्रा की शोभा बढाएगी।

# कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक संघ कार्यालय में राजस्थान दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति और समृद्ध परंपराओं को नमन करते हुए कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ कार्यालय में राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर हर्षोल्लास के साथ राजस्थान दिवस मनाया गया।

■ विरासत भी, विकास भी की भावना के साथ आगे बढ़ने का संकल्प : चैनसिंह राठौड़



कोटा डेयरी द्वारा राजस्थान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर संघ के अधिकारियों, कर्मचारियों और दुग्ध उत्पादकों ने राज्य की समृद्धि, विकास और सामाजिक उत्थान के लिए संकल्प लिया। अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने राजस्थान दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई कि वे राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास और खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनेंगे। साथ ही, प्रदेश को समृद्ध, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर बनाने के हर संभव प्रयास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए कार्य करने का भी संकल्प लिया गया।

ऐतिहासिक विरासत और गौरवशाली संस्कृति संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा, 'राजस्थान दिवस हमें अपनी ऐतिहासिक विरासत और गौरवशाली संस्कृति की याद दिलाता है। यह दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम अपने राज्य के विकास में योगदान दें और इसे स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास करें।' उन्होंने राज्य की दुग्ध उत्पादन क्षमता को और अधिक सशक्त बनाने तथा किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए संघ की प्रतिबद्धता को दोहराया। राजस्थान बने आत्मनिर्भरता संघ के प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा ने अपने संबोधन में कहा, 'राजस्थान की आत्मनिर्भरता और समृद्धि में दुग्ध उत्पादकों की भूमिका अहम रही है। हमारे राज्य के किसान और पशुपालक दिन-रात मेहनत कर दुग्ध उत्पादन में योगदान दे रहे हैं। हमें गर्व है कि हम इस समृद्ध परंपरा का हिस्सा हैं।' उन्होंने राजस्थान को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों के समावेश और नवाचार को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने श्विरासत भी, विकास भीश की भावना को आत्मसात करते हुए राज्य के विकास में निरंतर योगदान देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर राज्य के विकास के प्रति निष्ठा और नवाचार को अपनाने के महत्व को भी रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राजस्थान की समृद्ध परंपराओं और उसकी गौरवशाली विरासत को नमन करते हुए श्जय जय राजस्थानश के गगनभेदी उद्घोष के साथ समारोह का समापन किया गया।

# रोजगार के नाम पर गुमराह कर गए सीएम : धारीवाल

■ कोटा में सीएम का फ्लॉप शो सरकारी कर्मचारियों से कार्यक्रम में भरवाई हाजिरी

■ कांग्रेस सरकार ने दी थी नियुक्तियां बीजेपी नियुक्ति पत्र देकर कर रही है झूठे दावे

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान की भाजपा सरकार अब तक कार्यकाल में जनता को किसी भी तरह की राहत प्रदान करने में पूरी तरह से फेल साबित हुई है। रोजगार देने के नाम पर युवाओं को गुमराह किया जा रहा हैं। पूर्व मंत्री कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने बयान जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटा में आयोजित कार्यक्रम में दावे तो बड़े-बड़े किए लेकिन जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंप गए हैं उनमें से ज्यादातर की नियुक्तियां कांग्रेस सरकार के वक्त की है बीजेपी सरकार सिर्फ सरकार बनने के बाद से कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलने और कांग्रेस सरकार द्वारा करवाए गए कार्यों का श्रेय लेने में जुटी हुई है लेकिन जनता भाजपा सरकार का वादा खिलाफी का चेहरा भी एक बार फिर देख रही है। कोटा में युवा महोत्सव के नाम पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में जो योजनाएं लांच की गई न तो उन योजनाओं का बजट बताया गया और न ही कोई समय सीमा बताई गई की योजना कब शुरू होगी इसके डेवलपमेंट के नाम पर रिमोट से बटन दबाकर योजनाएं लांच करने से काम नहीं चलेगा सरकार ने जो 100000 नौकरी देने का वादा किया है उस वादे को निभाएं सरकार। हवा हवाई घोषणाएं करने से अच्छा है धरातल पर उतरकर जनता को राहत पहुंचाएं भाजपा सरकार।

जनता के वादों पर खड़ा नहीं उतरने वाली भाजपा सरकार से आमजन ने दूरी बनाना शुरू कर दिया है यही वजह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित समारोह फ्लॉप शो साबित हुआ।

जनता ने सरकार के इस कार्यकाल को नकार दिया जिसके चलते दशहरे मैदान में आयोजित कार्यक्रम स्थल को भरने के लिए सरकारी कर्मचारी और कोचिंग स्टूडेंटस से समारोह स्थल को भरने का प्रयास किया लेकिन फिर भी कार्यक्रम स्थल पर रौनक गायब नजर आई, अगर सरकार की योजनाओं में इतना ही दम होता तो लॉन्चिंग के वक्त आमजन कार्यक्रम स्थल तक पहुंचता। विधायक शांति धारीवाल ने भाजपा सरकार को सलाह दिए की अभी सरकार के पास बहुत वक्त है जनता से किए वादों को गंभीरता के साथ निभाकर संवेदनशीलता का परिचय दें।

## मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

**छबड़ा** (निसं)। दिगंबर जैन समाज द्वारा आराध्य तीर्थंकर भगवान अरहनाथ एवं अन्नतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर अभिषेक शांति धारा कर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा मंदिर पर भगवान अरहनाथ एवं अनंतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह भगवान की अभिषेक एवं शांतिधारा की गई।

इसके बाद निर्माण कांड पढ़कर विधि-विधान से दो बार मोक्ष कल्याणक के अर्घ के साथ दो बार निर्वाण लाडू चढ़ाए गए तथा नित्य-नियम पूजा के साथ दोनों भगवान की पूजा अर्चना की गई।

# गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर में गणगौर का पर्व आस्था के साथ मनाया गया है। तेजस्विनी ग्रुप द्वारा आयोजित गणगौर महोत्सव का आयोजन आरकेपुरम स्थित एक निजी होटल में किया गया। शनिवार को ग्रुप की सभी महिलाओं ने इस पारंपरिक उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम की शुरुआत ईसर गणगौर की पूजन से की गई।

तेजस्विनी ग्रुप की मुख्य प्रवक्ता मोनिका विजय ने बताया कि महिलाओं के इस ग्रुप का उद्देश्य सनातन धर्म से जुड़े सभी त्यौहार और उत्सव को पारंपरिक तौर पर आयोजित करना है साथ ही सभी महिलाएं पारंपरिक अंदाज एवं भारतीय वेशभूषा चुनरी से सज धज कर आई। मोनिका ने बताया कि समारोह में ग्रुप द्वारा आयोजित रैंप वॉक प्रतियोगिता में प्रथम शकुंतला मीना, द्वितीय डॉक्टर ममता शर्मा, पिया को प्रेम पाती प्रतियोगिता में प्रथम राधा शर्मा और द्वितीय संगीता गुप्ता के नाम जज डॉक्टर तरुणा शर्मा ने घोषित किया। महिलाओं के लिए हाउसी भी आयोजित कर अन्य 15 मेंबर्स को भी घोषित इनाम दिए गए। समारोह के अन्त में तेजस्विनी ग्रुप की शिखा खंडेलवाल, शीतल अग्रवाल, सुनीता गोयल, शुभा भारद्वाज, सुनीता मालवीय, सुनीता शर्मा, उपमा पाठक, वंदना मेवाड़ा, श्याम लता अग्रवाल, मनीषा माथुर, रानू जायसवाल, सुनीता शर्मा एवं मोनिका विजय ने सभी महिलाओं का सफल कार्यक्रम करने हेतु आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोजन के साथ हुआ।

वहीं दाधीच महिला मंडल ने शनिवार को कोटा में भव्य 'गणगौर महोत्सव' का आयोजन किया। समाज की सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने इस पारंपरिक उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस पर्व को यादगार बना दिया। महिला अध्यक्षा स्मिता शर्मा और महामंत्री अम्बिका शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का आरंभ 'कुलदेवी मां दधिमती' एवं 'ईसर गणगौर' की प्रतिमाओं के समक्ष पूजा-अर्चना से हुआ। समाज की वरिष्ठ महिलाओं, विशेष आमंत्रित न्यायाधीशों, महिला मंडल की अध्यक्षा स्मिता शर्मा तथा महामंत्री अम्बिका शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिताओं में जज राजकीय विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापक शिल्पा शर्मा एवं सुश्री सीमरन सोलंकी रही उन्होंने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, नृत्य व श्रृंगार के आधार पर उन्हे अंक दिए। महामंत्री अम्बिका दाधीच ने बताया कि प्रतियोगिता दो समूहों 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग तथा 45 वर्ष से अधिक आयु वर्गों में आयोजित की गई।

## श्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला विंग की जिला कार्यकारिणी गठित

**कोटा,** (निसं)। श्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला विंग राजस्थान के द्वारा शनिवार को उम्मेद क्लब में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कोटा जिला की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर माधवी सिंह पत्नी ठाकुर नरेंद्र पाल सिंह, जिलाध्यक्ष के रूप में उपस्थित थीं और उन्होंने जिला कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों की घोषणा की। कार्यक्रम में अनीता सिंह राजगढ़ को कोटा जिला कमेटी का संरक्षक नियुक्त किया गया, जबकि पूनम कंवर को विशिष्ट उपाध्यक्ष, प्रिया परमार, दीपिका कंवर, कीर्ति राठौड़, डॉ.गौरांगी शेखावत को उपाध्यक्ष, मूमल कंवर को विशिष्ट सचिव और उर्मिला कंवर, अंजना कंवर को सचिव एवं राधिका सिंह को महामंत्री के पद पर चुना गया। जिलाध्यक्ष माधवी सिंह ने इस अवसर पर कहा कि इस नई कार्यकारिणी का मुख्य उद्देश्य क्षत्राणियों का सर्वांगीण विकास करना रहेगा। इसके माध्यम से महिला शक्ति को प्रोत्साहित किया जाएगा और समाज में उनकी भूमिका को मजबूती से स्थापित किया जाएगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीकानेर जिलाध्यक्ष कामिनी हाड़ा ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिला विंग का उद्देश्य हाड़ौती क्षेत्र में क्षत्राणियों की स्थिति को सुधारना और समाज में मौजूद प्रतिभाओं को उनके मुकाम तक पहुंचाने का है। उनका मानना था कि महिलाओं को समान अवसर मिलने चाहिए, ताकि वे अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकें। इस कार्यक्रम ने क्षत्रिय समाज में महिलाओं की शक्ति और उनकी भूमिका को एक नया दिशा देने का संदेश दिया।

# रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में की चैकिंग, 44780 रूपये जुर्माना वसूला

**कोटा,** (निसं)। गर्मी का सीजन शुरू होते ही ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए ट्रेनो में चलने वाले बिना टिकिट यात्रियों, अवैध वेण्डरो पर कार्यवाही करने के लिये चैकिंग दिवस के दौरान रेलवे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रवण कुमार मीना के नेतृत्व में जीआरपी, आरपीएफ व टिकिट चैकिंग स्टॉफ द्वारा ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर चैकिंग की गई।

ट्रेनो में बिना टिकिट यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये रेलवे के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में जीआरपी, आरपीएफ व टिकिट चैकिंग स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से कोटा से सवाईमाधोपुर तक ट्रेन नम्बर 20941 बांद्रा गाजीपुर एक्सप्रेस में एवं वापसी में सवाईमाधोपुर से कोटा के बीच ट्रेन नम्बर 12060 जनशताब्दी एक्सप्रेस में चैकिंग की गई। ट्रेनो में चैकिंग के दौरान 12 यात्रियों को बिना टिकिट यात्रा करते हुए पकड़ा गया और रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

बिना टिकिट पकड़े गये यात्रियों से 22580 रूपयें जुर्माना वसूला गया। वही बांद्रा-गाजीपुर एक्सप्रेस में चैकिंग के दौरान 336 पानी की बोतल जो रेलवे द्वारा अनअपरूड थी जिनको जब्त कर सवाईमाधोपुर स्टेशन पर आरपीएफ को सौंप कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

जीआरपी पुलिस द्वारा प्लेटफार्म व ट्रेनो में गंदगी फैलाने वाले 4 यात्रियों के खिलाफ एवं आरपीएफ पुलिस द्वारा रेल अधिनियम के तहत 76 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गई। चैकिंग दिवस के दौरान की गई समस्त कार्यवाही में कुल 44780 रूपये जुर्माना वसूला गया।

रेलवे के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में की गई चैकिंग अभियान में रेलवे कोर्ट कोटा स्टॉफ हरिश कुमार बमनावत (रीडर) एवं आशुतोष कुमार, जीआरपी के हैड कांस्टेबल सुमेर चंद, कांस्टेबल विकास कुमार, आरपीएफ के हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश वर्मा एवं सागर मीना और टिकिट चैकिंग स्टॉफ से सीटीआई विष्णु शर्मा, डिप्टी सीटीआई राजेश कुमार, डिप्टी सीटीआई राजेश सेदवाल और टीटीई अमन मौजूद रहे।

# श्रीराम जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निर्णय

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में यादव (जाटव) समाज द्वारा समाज के मंदिर पर शनिवार को समाज अध्यक्ष दिलीप यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया, जिसमे आगामी एक जून से पांच जून तक यादव मोहल्ले में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा किये जाने का निर्णय लिया। यहाँ सर्वसम्मति से प्राण प्रतिष्ठा व कन्यादान समिति अध्यक्ष रामप्रसाद यादव व नवयुवक मण्डल अध्यक्ष चन्दू यादव को बनाया गया। जिनका यहाँ मौजूद सभी समाजबंधुओं ने ध्वनि मत से स्वागत किया गया।

बैठक में सर्व सहमति से एक संरक्षक, पांच उपाध्यक्ष, दो कोषाध्यक्ष, दो सहायक कोषाध्यक्ष, सात मंत्री, सात सचिव, ग्यारह सलाहकार, छह संगठन मंत्री, दो मीडिया प्रभारी बनाए गए। यहां समाजबंधुओं ने प्राण प्रतिष्ठा को भव्यता प्रदान करने के लिए अपने अपने विचार रखे। इस सामाजिक कार्य के सफल आयोजन की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई व कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए। प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के चलते भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी।

बैठक में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पांच जून को समाज की ग्यारह कन्याओं का निःशुल्क विवाह कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिन लड़कियों के माता पिता नही है एवं विधवा माताओ की पुत्रियों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के अध्यक्ष रामप्रसाद यादव को शपथ दिलवाकर कार्यक्रम को भव्य बनाने की बात रखी गई व नवयुवक मण्डल अध्यक्ष चन्दू यादव को शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करने के लिए निर्देशित किया। सभी दायित्ववान पदाधिकारियो ने अपने अपने दायित्वों का कत्तर्व्यनिष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए आश्वस्त किया। अंत मे अध्यक्ष दिलीप यादव ने बैठक समाप्ति की घोषणा की। इस अवसर पर बडी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे।

# जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय में 12 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न

**कोटा,** (निसं)। जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय, कोटा में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत स्वायत्त निकाय भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सौजन्य से आयोजित 12 दिवसीय क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) कार्यक्रम का आज सफल समापन हुआ।




कोटा में जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय में क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता डॉ. जनक सिंह मीणा रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शिक्षकों की करियर एडवांसमेंट स्कीम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे न केवल शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार होता है बल्कि नवीन शोध पद्धतियों की जानकारी प्राप्त कर शोध कार्यों की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरडी मीणा चेयरपर्सन जय मिनेश विश्वविद्यालय, ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञानवर्धन में सहायक होते हैं और उनकी अकादमिक दक्षता को बढ़ाते हैं। बॉम सदस्य डॉ.गोपाल सिंह द्वारा भी इस तरह कार्यक्रमों की अहम भूमिका बताई। कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम की कोर्स कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ. मुक्ति पाराशर ने 12 दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोर्स को को-ऑर्डिनेटर डॉ.अनुज विलियम्स ने आईसीएसएसआर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय एवं स्थानीय प्रतिभागियों ने फीडबैक दिया और विश्वविद्यालय प्रशासन व कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

समापन समारोह में अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.पी. तिवारी" ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अनुज विलियम्स ने किया।

डॉ. मुक्ति पाराशर ने बताया कि इस कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम में राष्ट्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के व्याख्यातागण उपस्थित रहे।

## मरीजों को फल बांटे

**बून्दी** (निसं) सिंधी समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे चेटीचंड महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को सेवा कार्यों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। शनिवार प्रातः शनि मंदिर में सिंधी समाज के द्वारा गायों को चारा उपलब्ध कराया गया। जहां समाज के गणमान्य के साथ देवेंद्र गिरी जी महाराज, सूरज बाई बिरला, वेश्य महासम्मेलन अध्यक्ष मोहन जी बिरला की भी मौजूद रहे। तत्पश्चात जिला चिकित्सालय में भर्ती प्रसूताओं एवं मरीजों को समाज द्वारा फल एवं बिस्किट उपलब्ध कराए गए। अस्पताल में भर्ती मरीजों कुशलक्षेम पूछी एवं सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बद्रीलाल पुत्र जगन्नाथ जाति काछी निवासी ढोलम चौराहा छीपाबड़ौद ने अपने खाते की आराजी खसरा नंबर 331/134 रकबा 0.1942 हैक्टेयर में से एक भूखंड, जिसकी चतुर्थसीमाएं पूर्व में छीपाबड़ौद सालपुरा रोड, पश्चिम में सूरज साल्वी का भूखंड, उत्तर में रामचरण गुर्जर का भूखंड एवं दक्षिण में बद्रीलाल की आराजी स्थित है। जिसकी साइज 50x60=3000 वर्गफीट है, को शिव मीणा पुत्र नंदकिशोर को जर्ये इकरारनामा बेचान कर चुका है। उक्त भूखंड को कोई भी व्यक्ति बद्रीलाल से खरीद ना करे और न ही किसी तरह का इकरारनामा निष्पादित करावें।

स्थान : छबड़ा

दिनांक : 28.03.2025

भवदीय

बालमुकुन्द खण्डेलवाल एडवोकेट

छबड़ा जिला बारां (राज.)

मो. 9829212945



प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय...नगर परिषद बून्दी (राज.)**

क्र.सं. 5581 | लोक सूचना | दिनांक-28.3.25

आवेदक श्री सिंह एसोसिएट जर्ये भागीदार श्री प्रीतम सिंह पुत्र श्री चरण सिंह बावत राजस्व ग्राम छत्रपुरा तहसील व जिला बून्दी (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| तहसील बून्दी जिला बून्दी | ग्राम छत्रपुरा | 444, 3188/443 व 3189/443 (पार्ट) कुल किता 3 | कुल रकबा 1.4626 है. (157375 वर्गफीट) आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 28.3.25 को जारी की गयी।

आयुक्त नगर परिषद बून्दी



।। श्री हरि ।।
भारतीय नववर्ष
विक्रम संवत् 2082 युगाब्द 5127
चैत्र शुक्ल एकम्-वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च 2025
पर
हार्दिक शुभकामनाएं
शोभा यात्रा, कलश यात्रा एवं धर्मसभा में अधिक से अधिक संख्या में पधारे
गोविन्द नारायण अग्रवाल (अध्यक्ष, नववर्ष आयोजन समिति) कोटा महानगर
छगन माहुर (महामंत्री, नववर्ष आयोजन समिति) कोटा महानगर
रामकुमार मेहता कोषाध्यक्ष, अयोजन समिति (पूर्व अध्यक्ष) नगर विकास न्यास, कोटा
महेश विजय ( पूर्व महापोर ) नगर निगम, कोटा
राकेश जैन जिलाध्यक्ष भाजप कोटा महानगर
मुकुट नागर ( पूर्व जिलाध्यक्ष ) भाजपा
डॉ. एल.एन. शर्मा ( पूर्व जिलाध्यक्ष ) भाजपा
अमित सिंघल उद्योगपति
पंकज मेहता वरिष्ठ भाजपा नेता
रामबाबू सोनी ( पूर्व जिलाध्यक्ष ) कोटा महानगर
हेमन्त विजय पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कोटा महानगर
प्रकाश जैन (दीपपुरा) प्रदेश अध्यक्ष, राज. बिल्डर्स एसो.
ललित शर्मा महामंत्री, भाजपा कोटा देहात
लोकेन्द्र सिंह राजावत पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा
मनमोहन अग्रवाल ( बजरंग टेन्ट हाऊस )
आनन्द राठी ( पूर्व अध्यक्ष ) माहेश्वरी समाज, कोटा
लहरी शंकर गौतम अध्यक्ष, भारत विकास परिषद माधव शाखा उपाध्यक्ष, अखिल ब्राह्मण समाज
नेता खण्डेलवाल उपाध्यक्ष भाजपा कोटा महानगर
कुलदीप माथुर उपाध्यक्ष नववर्ष आयोजन समिति एवं राष्ट्रीय मीडिया संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा राजस्थान
सुनील गर्ग रघुबाला कंस्ट्रक्शन्स
दिनेश विजय ( जिलाध्यक्ष ) अ.भा.वैश्य महासम्मलेन, कोटा
सत्यनारायण श्रीवास्तव ( अध्यक्ष ) श्री कायस्थ सभा
किशन पाठक संयोजक, स्वदेशी मेला प्रांतीय अध्यक्ष, भारत विकास परिषद
जगदीश जिंदल महामंत्री भाजपा, कोटा महानगर
रवि प्रकाश विजय भारत विकास परिषद
नारायण गोयल महामंत्री, भाजपा कोटा देहात
लक्ष्मण सिंह खींची जिला उपाध्यक्ष भाजपा कोटा महानगर
बी.एल. पचेरवाल रिटायर्ड जॉनल चीफ इंजीनियर
महावीर प्रसाद नायक ( बिल्लू ) धनलक्ष्मी प्रोपर्टीज एण्ड ग्रुप
रणछोर अग्रवाल गोयनका प्रोपर्टीज
श्रीनाथ मित्तल ( वल्लभम् ज्वैलर्स )
श्याम मनोहर हरित संभागीय अध्यक्ष,राजमाता विजयराजीय सिंध्या, स्मृति सेवा संस्थान
सुरेन्द्र सिंह परमार भाजपा नेता
दिनेश पालीवाल पालीवाल रबर स्टेम्प
हुकम मंगल ( समाजसेवी )
संदीप पालीवाल ( व्यवसायी )
शिशुपाल मेहता ( अध्यक्ष ) किराड़ विकास समिति कोटा
रामनिवास मेहता कॉन्ट्रेक्टर UIT कोटा
बलराम सिंह बाथम (राष्ट्रीय महामंत्री ) अखिल भारतीय कश्यप महासंघ
कमल कुमार शर्मा कॉन्टेक्टर आर.ए.पी.पी.
नन्दकिशोर मीणा जिला संयोजक A.B.V.P.
राजेन्द्र अग्रवाल (महामंत्री) टीलेश्वर मन्दिर समिति
संजय टकियार भारतीय रेल्वे कॉन्ट्रेक्टर
भूपेन्द्र सिंह परमार उद्योगपती एवं भाजपा नेता
ललित चित्तौडा वरिष्ठ भाजपा नेता
अशोक जैन भाजपा मंत्री, कोटा महानगर
राम मोहन मित्रा ( बाबला ) पूर्व पार्षद एवं मेला अध्यक्ष
अरविंद शर्मा टेक्नो डेकॉर
संदीप चांदीवाला
पंकज कुमार गोयल सामाजिक कार्यकर्ता
जितेन्द्र कुमार गोयल डायरेक्टर ईथॉज हॉस्पिटल
नवजीवन गौतम वरिष्ठ भाजपा नेता
ONWARD



हारना नहीं है बाहर से हार जाओ लेकिन अंदर से हारना नहीं है। हारता वही है जो खिलाड़ी होता है, जो गिरता है। जो खेलेगा ही नहीं वो हारेगा कैसे। – मोनिका बत्रा

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी, खिलाड़ियों के मनोबल को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी**



### तमीम इकबाल

बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने उन शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होने बीमारी के मुश्किल समय में उनकी सलामती की दुआ की। तमीम को सोमवार को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद एंजियोप्लास्टी के लिये उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होने फेसबुक पर शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। जनवरी 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद तमीम घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखे हुए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जोएल गार्नर ने 1977 से 1987 के बीच 98 वनडे मैच खेले।

## मनीषा भानवाला ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

अम्मान, 29 मार्च। भारत की मनीषा भानवाला ने शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं के 62 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। मनीषा ने रोमांचक फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर 2021 के बाद महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत का पहला महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती स्वर्ण पदक हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत तकनीकी श्रेष्ठता के जरिए कजाकिस्तान की टाइनिस दुबेक पर शानदार जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य की हनबिट ली को हराया और सेमीफाइनल में गत चैंपियन किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराया। ओक जे किम के खिलाफ फाइनल में 2-7 से पिछड़ने के बावजूद, मनीषा ने शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की और 2022 से 2024 तक अपने पिछले तीन लगातार कांस्य पदकों में सुधार किया। इस बीच, पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी कर रही अंतिम ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

## स्टुअर्ट लॉ नेपाल टीम के कोच नियुक्त

काठमांडू, 29 मार्च। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ की नियुक्ति के साथ नेपाल में नए मुख्य कोच की तलाश समाप्त हो गई है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) ने शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि करते हुए घोषणा की कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अगले दो वर्षों के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। लॉ ने यूएसए पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में एक यादगार भूमिका का निर्वहन किया है। लगभग सात महीनों के कार्यकाल में उन्होंने यूएसए की टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में एक जुझारु टीम के तौर पर स्थापित करने में सफलता हासिल की। घरेलू धरती पर खेले गए टूर्नामेंट में यूएसए ने ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ उलटफेर किया वहीं अपने शुरुआती मैच में कनाडा पर जीत हासिल कर ली थी, जिससे वे सुपर आठ चरण में पहुंचे थे।

## हिमांशु व प्रवीण के अर्द्धशतकों की मदद से जी.आर. एकेडमी की एकतरफा जीत

जयपुर, 29 मार्च। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज जी.आर क्रिकेट ग्राउण्ड सिरसी पर खेले गये पूल-सी के मैच में हिमान्शु सिंह राणा 73 रन (37 गेंद, 7 चौके, 5 छक्के) के अर्धशतक व प्रवीण शर्मा 67 रन (31 गेंद, उचौके, 7 छक्के) व 6 रन पर 2 विकेट के ऑल राउण्ड प्रदर्शन की मदद से जी.आर क्रिकेट एकेडमी ने एम.आर. क्रिकेट एकेडमी को 123 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर एम.आर.एम. क्रिकेट एकेडमी ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। हिमान्शु सिंह राणा 73 रन (37 गेंद, 7 चौके, 5 छक्के) व प्रवीण शर्मा 67 रन (31 गेंद, चौके, 7 छक्के) शुभम पटवारी 30 रन, विनय चौधरी 39 रन नाबाद, योगेन्द्र काकोड़िया 19 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 249 रन बनाये। एम.आर.एम. एकेडमी की ओर से आयुश सोनी 32 रन पर 3 विकेट, यश 55 रन पर 3 विकेट, तथा अर्पित कुमार 36 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। जवाबी पारी में एम.आर.एम. क्रिकेट एकेडमी के समर प्रताप 38 रन, संजय बुरी 37 रन तथा अमित चौधरी 11 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज जी0आर. एकेडमी के गेंदबाजो सचिन असीवाल 17 रन पर 2 विकेट, प्रवीण शर्मा 6 रन पर 2 विकेट तथा रोहित खींचड़ व प्रिंस सिंह प्रत्येक 1-1 विकेट के समक्ष खुलकर खेलने में विफल रहे और निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 126 रन ही बना सके। मैन ऑफ दा मैच प्रवीण शर्मा 54 रन 67 रन व 6 रन पर 2 विकेट जी.आर. क्रिकेट एकेडमी रहे।

# मुंबई की लगातार दूसरी हार, गुजरात 36 रन से जीता



अहमदाबाद, 29 मार्च। इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब पांच बार अपने नाम करने वाली मुबंई इंडियंस के लिये मौजूदा सत्र का आगाज निराशाजनक रहा है जब शनिवार को यहां उसने अपना दूसरा मैच भी गुजरात टाइटंस के हाथों 36 रन की पराजय के साथ गंवा दिया।

गुजरात टाइटंस ने पहले खेलते हुये आठ विकेट पर 196 रन बनाये थे जिसके जवाब में मुबंई की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। एमआई के धाकड़ ओपनर रोहित शर्मा (8) दूसरे मैच में भी नहीं चले और पहले ही ओवर में उन्हे मोहम्मद सिराज ने अपना शिकार बना लिया। रायन रिकलटन (6) सिराज की गेंद पर क्लीन बोल्ड आउट हुये। तिलक वर्मा (39) और कप्तान सूर्य कुमार यादव (48) ने हालांकि विकेट पर टिके मगर गुजरात के गेंदबाजों ने उन्हे खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया।

अपने विस्फोटक अंदाज के लिये माने जाने वाले तिलक अधिक समय तक धैर्य नहीं रख सके और प्रसिद्ध कृष्णा की एक धीमी गेंद को उड़ाने के प्रयास में बाउंड्री लाइन के समीप लपके गये। रन गति बढ़ाने के प्रयास में सूर्य भी कृष्णा की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे हालांकि अपनी संक्षिप्त पारी में उनके चार छक्के दर्शनीय रहे। कप्तान हार्दिक पंड्या (11) को भी गुजरात के गेंदबाजों ने बांधे रखा। नमन धीर और मिचेल सैंटनर 18-18 रन बना कर नाबाद लौटे।

इससे पहले गुजरात के कप्तान शुभमन गिल (38) के साथ साई सुदर्शन (63) ने पारी की शानदार शुरुआत करते हुये पहले विकेट के लिये 8.3 ओवर में 78 रन जोड़ लिये थे। इस बीच गिल रन गति बढ़ाने के चक्कर में हार्दिक पांड्या की गेंद को पुल करने के प्रयास में डीप बैकवर्ड स्काव्यर लेग पर खड़े नमन धीर को कैच थमा बैठे। नये बल्लेबाज जॉस बटलर ने सुदर्शन का भरपूर साथ देते हुये धुआंधार बल्लेबाजी की मगर वह भी मुजीब उर रहमान की फिरकी पर फंस कर अपना विकेट गंवा बैठे। अपनी संक्षिप्त पारी में उन्होने पांच चौके और एक छक्का लगाया।

# टीम इंडिया का हर खिलाड़ी सम्मान का हकदार : रोहित



नई दिल्ली, 29 मार्च। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी टीम के सभी खिलाड़ियों के लिए खास डिमांड की है। दरअसल, रोहित ने कहा कि उनकी टीम ने पिछले 9 महीनों में क्रिकेट के उतार चढ़ावों का सामना करते हुए सफलता के लिए सामूहिक संघर्ष किया है और पिछले 3 आईसीसी टूर्नामेंटों में भाग लेने वाली टीम का प्रत्येक सदस्य सम्मान का हकदार है। भारत को पिछले 3 आईसीसी लिमिटेड ओवरों के टूर्नामेंट में 24 मैचों में से एक में ही हार झेलनी पड़ी है वो भी 2023 वर्ल्ड कप के दौरान। ये हार भारत को टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मिली थी।वहीं भारत ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप और इस साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके बीच भारत को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के हाथों टेस्ट सीरीज में हार झेलनी पड़ी।

रोहित ने बतौर कप्तान अपने कार्यकाल के बारे में कहा कि, इस टीम ने तीन बड़े टूर्नामेंट में जो हासिल किया है। इस तह के टूर्नामेंट खेलना और बस एक मैच हारना और वह भी फाइनल (2023 वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल)। सोचो अगर हम वह भी जीत जाते तो तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में अपराजेय रहते। ऐसा कभी सुना ही नहीं है। 24 में से 23 मैच जीतना। बाहर से ये बहुत अच्छी लगता है लेकिन इस टीम ने काफी उतार चढ़ाव देखे हैं।रोहित ने मुंबई इंडियंस के एक्स पेज पर टीम द्वारा डाले गए वीडियो में कहा कि, हमने कठिन समय भी देखा है लेकिन फिर आपको जश्न मनाने का मौका भी मिला। मेरा मानना है कि पिछले तीन टूर्नामेंट खेलने वाला हर खिलाड़ी सम्मान का हकदार है।रोहित के इसी इंटरव्यू के दौरान बीसीसीआई के आला अधिकारी भविष्य की रुपरेखा तय करने के लिए बैठक करने वाले थे लेकिन वह बैठक स्थगित कर दी गई।

## पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है आरसीबी टीम का संतुलन : एबी डिविलियर्स



नई दिल्ली, 29 मार्च। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की शानदार शुरूआत को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि इस बार टीम पिछले सत्रों की तुलना में दस गुना बेहतर लग रही है औरउम्दा शुरूआत से आगे उसका काम आसान हो जायेगा। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर सत्रह साल बाद हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के लिये खेल चुके डिविलियर्स ने अपने पॉडकास्ट 'एबी डिविलियर्स 360' में कहा ,'' इस बार आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है।''

उन्होंने कहा ,'' पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था।यह आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था।'' डिविलियर्स ने कहा ,'' मैने भुवनेश्वर कुमार को देखा तो मुझे लगा कि वह नहीं खेल रहा है और फिर दूसरे मैच में वह टीम में था। आपको यही तो चाहिये। पहले मैच में (केकेआर के खिलाफ) वह टीम में नहीं था और दूसरे मैच में वह किसी और की जगह टीम में था। यही वह संतुलन और गहराई है जो टीम को चाहिये होती है।''

## हम देखेंगे कि आखिर में आईपीएल कौन जीतता है : फ्लेमिंग



चेन्नई, 29 मार्च। आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स की आईपीएल के 18वें सीजन में जीत के साथ शुरुआत हुई। लेकिन टीम इस विजेयी रथ को जारी नहीं रख पाई और उसे दूसरे मैच में आरसीबी के खिलाफ 50 रनों से हार झेलनी पड़ी। साल 2008 के बाद अब जाकर आरसीबी ने सीएसके को उनके घरेलू मैदान पर हराया। इस सीजन में एक तरफ जहां अन्य टीमें शुरू से ही धमाकेदार शुरुआत करती हैं तो वहीं सीएसके पुराने धर्रे पर ही चल रह ाहै और ये टीम बाद में गति पकड़ने पर विश्वास कर रही है।चेन्नई की रणनीति मुंबई इंडियंस के खिलाफ 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कारगर साबित हुई, लेकिन आरसीबी ने 196 रन बनाए और फिर ये टीम रन रेट को बनाए रखने में विफल रही। चेन्नई ने आरसीबी के खिलाफ शुरुआत विकेट जल्दी गंवा दिए और इसके कारण से बैकफुट पर आ गए।

# गिल ने रचा इतिहास, आईपीएल में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बने



अहमदाबाद, 29 मार्च। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला खेला जा रहा है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन की सलामी जोड़ी ने पहले 6 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 66 रन बनाए। इस दौरान दोनों ही बल्लेबाजों ने 32-32 रनों का योगदान दिया। गिल ने अपनी इस छोटी सी पारी के दम पर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1000 रन का आंकड़ा पार किया। उन्होंने ये उपलब्धि महज 19वीं पारी में हासिल की।गिल इसी के साथ आईपीएल के इतिहास में किसी भी स्टेडियम में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड तोड़ा है। जिन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में ये कमाल करने में 31 पारियां ली थी। गिल ने ये कारनामा महज 20 पारियों में ही कर दिया।वहीं आईपीएल के एक वेन्यू पर सबसे तेज 1000 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। यूनिवर्स बॉस ने ये कारनामा बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में महज 19 पारियों में किया था।

## नोवाक जोकोविच मियामी ओपन के फाइनल में, 100वें खिताब के करीब

फ्लोरिडा, 29 मार्च। नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर 2016 के बाद पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही वह अपने 100वें एटीपी खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गये हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी




37 वर्षीय जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। दिमित्रोव ने दूसरे सेट में खराब शुरुआत की और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इसका फायदा उठाते हुए 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने कहा, पेरिस ओलंपिक में अपना 99वां खिताब जीतने के बाद मैं स्पेशल 100 खिताब जीतने की संभावना के साथ खेल रहा हूं। मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे एक बड़ी ट्रॉफी के लिए लड़ने की स्थिति में लाएगा। मैं टूर्नामेंट के लिए जिस तरह से तैयार हुआ हूं और जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने कहा, यह एक शानदार अवसर है। देखते हैं कि दो दिनों में क्या होता है। 14वीं वरीयता प्राप्त 33 वर्षीय दिमित्रोव के लिए हवा की स्थिति खेल की शुरुआत अच्छी रही, जिन्होंने जोकोविच की सर्विस पर पहला गेम जीता, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए । इस बीच दिमित्रोव को परेशान करने के लिए कुछ कहने पर एक प्रशंसक को बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद बुल्गारियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट की धीमी शुरुआत की।

## यूपी राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल में

लखनऊ, 29 मार्च। मेजबान उत्तर प्रदेश ने 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के खिलाफ बेहतर रणनीति के सहारे 13-7 की जीत से फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उत्तर प्रदेश की टक्कर हिमाचल प्रदेश से होगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में राजस्थान को 20-16 से हराया। दूसरी ओर राजस्थान और महाराष्ट्र ने संयुक्त तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक साझा किया।

उत्तर प्रदेश ने आज सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के खिलाफ तालमेल भरा खेल दिखाया।उत्तर प्रदेश से सुमन ने चार गोल किए। उनका साथ देते हुए अनन्या ने 3, रेशमा व नैना ने 2-2 जबकि निहारिका व दिया ने एक-एक गोल किए। महाराष्ट्र से प्राजक्ता ने सर्वाधिक चार गोल दागे। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश ने रोमांचक मुकाबले में महत्वपूर्ण मौको को भुनाते हुए राजस्थान को 20-16 से शिकस्त दी। हिमाचल प्रदेश से प्लेयर ऑफ द मैच जस्सी ने नौ गोल दागे।

# राजस्थान के यथार्थ भारद्वाज बीसीसीआई अंडर-16 एनसीए प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित



जयपुर, 29 मार्च। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजस्थान के यथार्थ भारद्वाज का चयन बीसीसीआई की जूनियर चयन कमेटी ने आगामी 18 अप्रैल से 12 मई 2025 के दौरान बेंगलोर एनसीए के विशेष प्रशिक्षण शिविर (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) के लिए किया है।

बीसीसीआई द्वारा आगामी घरेलु क्रिकेट सत्र की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों की प्रतिभा को ओर अधिक सुदृढ़ करने हेतु एनसीए के अंतर्गत देश के विभिन्न केंद्रों पर एनसीए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केन्दों के स्थापन की गयी है जिसमे चयनित खिलाडियों को बीसीसीआई द्वारा अनुभवी कोचों की निगरानी में रच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। राजस्थान के युवा खिलाडी यथार्थ भारद्वाज ने बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए खेले गए 6 मैचों में 68 के औसत से कुल 613 रन बनाये जिसमे एक दोहरा शतक सहित 3 शतकीय पारियां व एक अर्धशतक लगाया।

### राजस्थान के अंशु जैन बीसीसीआई इलीट अंडर-16 एनसीए प्रशिक्षण शिविर में देंगे प्रशिक्षण



जयपुर, 29 मार्च। बीसीसीआई द्वारा आगामी घरेलु क्रिकेट सत्र की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों की प्रतिभा को ओर अधिक सुदृढ़ करने हेतु एनसीए के अंतर्गत देश के विभिन्न केंद्रों पर एनसीए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केन्दों के स्थापन की गयी है जिसमे चयनित खिलाडियों को बीसीसीआई द्वारा अनुभवी कोचों की निगरानी में रच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। राजस्थान के अंडर 23 टीम के हेड कोच अंशु जैन को एनसीए द्वारा आगामी 18 अप्रैल से 14 मई 2025 के दौरान पुणे स्थित एनसीए के विशेष प्रशिक्षण शिविर (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) में बीसीसीआई द्वारा आयोजित होने वाले अंडर 16 इलीट प्रशिक्षण शिविर का हेड कोच सहित बैटिंग कोच की जिम्मेदारी भी दी गयी है। अंशु जैन पूर्व में राजस्थान सीनियर टीम व अंडर 19 टीम के कोच की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं।



# जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक में शामिल तीन जेलकर्मी बर्खास्त

## श्यालवास जेल में अनुचित तरीके से मोबाइल सिम ले जाते मेल नर्स गिरफ्तार

**जयपुर** । जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक मामले में लिप्त 3 जेल प्रहरियों को विभाग द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री को मिलने वाली धमकी के बाद बरती जा रही अतिरिक्त सतर्कता के दौरान दौसा जिले के श्यालावास स्थित सेंट्रल जेल में कार्यरत मेल नर्स राजकुमार शर्मा को जेल में सिम कार्ड ले जाते पकड़ा गया। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा भर्ती परीक्षा में चयनित हुए तीन आरोपियों योगेश कुमार, हरेंद्र सिंह और दीपक मेहता सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

डीआईजी जेल मोनिका अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को स्पेशल सेंट्रल जेल श्यालावास दोसा की क्वार्टर गार्ड पर तैनात आरएसी के कांस्टेबल आनंद भाटी द्वारा रोजाना की तलाशी ली जा ही थी इसी दौरान मेल नर्स राजकुमार शर्मा की तलाशी ली गई। तलाशी मे एक सिम जप्त की गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

डीआईजी अग्रवाल ने बताया कि जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक मामले में दर्ज प्रकरण में श्यालवास जेल दौसा में तैनात जेलकर्मी योगेश कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह, दौसा जेल में तैनात हरेन्द्र सिंह पुत्र सिरदार सिंह एवं झुंझुनू में जेल प्रहरी दीपक मेहता भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में लिप्त होने के आधार पर बर्खास्त कर दिया गया है।

जांच रिपोर्ट में अनुचित तरीके से षडयंत्रपूर्वक आपराधिक कृत्य कर परीक्षा पूर्व परीक्षा के पेपर का सॉल्वड प्रश्न-पत्र एवं उत्तरकुंजी प्राप्त कर हॉटल हाईवे च्वाईस, कोटपूतली में पढकर जेल प्रहरी परीक्षा-2018 को उत्तीर्ण कर जेल प्रहरी पद पर चयनित होना इन तीनो के विरूद्ध प्रमाणित पाया गया है।

## ई-मित्र आईडी बनाने वाले फर्जी कॉल सेंटर पर छापा, दो शातिर बदमाश

**जयपुर**। शिप्रापथ थाना पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर ई-मित्र आईडी बनाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 14 कंप्यूटर सेट, 13 मोबाइल फोन, 1 इंटरनेट राउटर और कई बैंक पासबुक्स सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी विक्रम सिंह (25) खोडवा का मोहल्ला, दाखिया टोंक एवं गणेश गुर्जर (26) लाखावास, तहसील चाकसू के रहने वाले है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि शिप्रापथ थाना पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर ई-मित्र आईडी बनाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले आरोपी विक्रम सिंह (25) निवासी खोडवा का मोहल्ला दाखिया टोंक एवं गणेश गुर्जर (26) निवासी लाखावास तहसील चाकसू को गिरफ्तार किया है। टीम को सूचना मिली थी कि ई-मित्र से ठगी एक कॉल सेंटर द्वारा संचालित की जा रही थी।

# हाईवे पर वाहन चालकों को लूटने वाली गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। मुहाना थाना पुलिस ने हाइवे पर वाहन चालकों से लूट करने वाली कंजर गैंग के मुख्य सरगना सहित दो बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस ने बदमाशों से लूट में प्रयुक्त कार को भी बरामद कर लिया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

■ एक दर्जन से अधिक वारदातों का खुलासा

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने हाईवे पर वाहन चालकों से लूट करने वाली कंजर गैंग के बदमाश अजय कंजर और विकास कंजर को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपी दूनी जिला टोंक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बदमाश प्रकृति के है जो रिंग रोड के आस पास रात्री के समय गुजरने वालों वाहन चालकों को डरा धमका कर लूट की वारदात को अंजाम देते है। आरोपी गैंग बनाकर रिंग रोड के आस पास रहते है। गाडी में सरिए व कंकड रखते हैं। रात्री के समय अकेले जा रहे वाहन चालकों को टारगेट कर कार वाहन के आगे लगाकर चालक के साथ मारपीट करते चालकों को डरा धमकाते है। आरोपी मौज-शौक पूरा करने के लिए लूट की वारदातों को अंजाम देते है तथा लूटे गए रुपए व सामान को आपस में बांटकर अलग अलग स्थानीय बाजार में बेच देते है। आरोपी पूर्व में भी चोरी व लूट के वारदातों में गिरफ्तार हो चुके है।

थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि दिनेश कुमार सैनी ने 22 मार्च को मामला दर्ज करवाया कि वह अलसुबह रिंग रोड नेवटा पुलिया के पास में अपने दूध का टैंकर लेकर जा रहा था। अचानक एक सफेद रंग की कार उसके टैंकर के आगे लगा दी। उस कार में से चार आदमी उतरे और बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। बदमाशों ने मारपीट कर मेरे जेब में से रुपए निकाल लिए। आरोपियों ने पीडित के गले व हाथ मे पहनी एक चांदी की चौन व एक सोने की अगुंठी भी छीन ली। इसके बाद वो मुझे धक्का मारकर अपनी कार में बैठकर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों को पकड़ने के लिए घटना स्थल और उसके आस-पास के बड़ी संख्या में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। वारदात के तरीके व रूट के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त हुलिया व तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर लूट की घटना में शामिल आरोपी अजय व विकास को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

## वीरांगना कॉफी टेबल बुक लांच

**जयपुर/नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा शनिवार को नई दिल्ली के केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम सिविक सेंटर में वीरांगना कॉफी टेबल बुक लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें दक्षिण भारत की ब्रिटिश औपनिवेशिक शक्ति के खिलाफ लड़ने वाली पहली रानी वीरांगना रानी वेलु नचियार के स्वतंत्रता संग्राम में बहुमूल्य योगदान और महान संघर्ष से अवगत कराकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। थिएटर के माध्यम से उनके जीवन एवं संघर्ष का मंचन किया गया।

## तेजाजी मंदिर में मूर्ति तोड़ने पर लोगों ने किया हंगामा

**जयपुर**। प्रतापनगर सेक्टर-तीन में शुक्रवार देर रात असामाजिक तत्वों ने लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा को खंडित कर दिया। शनिवार सुबह मूर्ति घटित देखकर लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और लोग धरने पर उतर आए। बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और टोंक रोड पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। उग्र होते प्रदर्शन के बीच पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा गया। प्रदर्शनाकारियों ने टोंक रोड पर स्थित पेट्रोल पम्प भी आगजनी का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने समय रहते कड़ा एक्शन लेकर घटना को रोक दिया।

राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

म्हारी पहचान, म्हारो मान
म्हारो अग्रणी राजस्थान




एवं

## भारतीय नववर्ष

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा

पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

**राजस्थान दिवस अब प्रतिवर्ष मनाया जाएगा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

---

राजस्थान सरकार

## अपील

मेरे प्रदेशवासियों,

हमारी सरकार ने इस वर्ष से 30 मार्च के स्थान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। जिस वृहद् राजस्थान के उपलक्ष्य में हम राजस्थान दिवस मनाते हैं, वह भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। सौभाग्य से इस बार भी वही शुभ संयोग बन रहा है।

इस अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपसे अपील करता हूं कि आप अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर दीपक, मोमबत्तियां या रोशनी के अन्य स्रोतों के माध्यम से राजस्थान की सामूहिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और एकता का प्रकाश फैलाएं। यह रोशनी हमारी गौरवमयी परंपराओं और विरासत के सम्मान के साथ ही हमारी जीवटता, एकता और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक बनेगी।

इस पुनीत अवसर पर मैं प्रदेशवासियों के साथ ही विशेष रूप से मातृशक्ति से भी अनुरोध करता हूं कि वे समाज को रोशन करने की इस पहल में अपने परिवार और समुदाय के साथ इस दीपोत्सव में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

आप जगमग रोशनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करें और हैशटैग #Rajasthan Diwas 2025 के साथ इस पर्व को जन-जन तक पहुंचाएं।

जय राजस्थान

धन्यवाद।



**भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार

---




सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908